


प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# लोक प्रेरणा

लोहारू से प्रकाशित

RNI No.HARHIN/2022/90426 | वर्ष : 03, अंक: 365 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 2.00 | मंगलवार, 10 जून 2025 | lokparerna@gmail.com | +91-9255149495


## चुनाव आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र चुनाव डेटा कब शेयर करेगा: राहुल

### राहुल ने पूछा, तारीख बताएं; दो दिन पहले कहा था- 2024 विधानसभा चुनाव में मैच फिक्सिंग हुई थी

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को हरियाणा और महाराष्ट्र में 2009 से 2024 के दौरान हुए चुनावों का डेटा शेयर करने के चुनाव आयोग के फैसले की सराहना की। राहुल ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग डिजिटल फॉर्मेट में डेटा सौंपने की तारीख बता सकता है। राहुल ने यह सवाल पर एक पोस्ट के जरिए पूछा। उन्होंने 7 जून को पब्लिश एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया, जिसमें दावा किया गया है कि चुनाव आयोग ने 2025 की शुरूआत में दिल्ली हाईकोर्ट को 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के वोटर्स लिस्ट का डेटा शेयर करने का आश्वासन दिया था।

हालांकि, चुनाव आयोग की ओर से इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। राहुल ने शनिवार को देश के दो दैनिक अखबारों में अपने लेख के जरिए 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि वह तभी जवाब देगा जब राहुल उन्हें डायरेक्ट लेटर लिखेंगे। 'यह समझना मुश्किल नहीं है कि महाराष्ट्र में भाजपा इतनी बौखलाहट में क्यों थी, लेकिन हेराफेरी करना मैच फिक्सिंग जैसा है। जो टीम धोखा देती है वो भले ही जीत जाए, लेकिन इससे संस्थाएं कमजोर होती हैं। जनता का चुनाव पर भरोसा खत्म हो जाता है। हर जिम्मेदार भारतीय को इन सबूतों को देखना चाहिए और सवाल पूछने चाहिए। चुनाव में मैच फिक्सिंग किसी भी लोकतंत्र के लिए जहर है। 'मैं किसी छोटे-मोटे चुनावी गड़बड़ी की बात नहीं कर रहा, बल्कि ऐसे धांधलेबाजी की बात कर रहा हूं जो बड़े स्तर पर की गई और जिसमें देश की अहम संस्थाओं को कब्जे में लेने की कोशिश की गई।'




'चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून के जरिए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली कमेटी में उखक की जगह एक केंद्रीय मंत्री को बैठाया गया। इससे निष्पक्षता खत्म हो गई और पूरा कंट्रोल सरकार के हाथ में चला गया। मुख्य न्यायाधीश को हटाकर कैबिनेट मंत्री को लाना ठीक नहीं लगता। सोचिए, कोई किसी निष्पक्ष व्यक्ति को हटाकर अपने आदमी को क्यों लाना चाहेगा? इसका जवाब अपने आप मिल जाता है।'

राहुल गांधी ने अखबारों में अपने लेख में कहा था कि- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की गई थी, जिसमें पहले से भाजपा की जीत तय करने की पूरी कोशिश की गई। भाजपा और उसके सहयोगियों ने चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। राहुल ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र की तरह ही मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो।' हालांकि, चुनाव आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया और कहा कि चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं। इसके बाद राहुल ने चुनाव आयोग के जवाब देने के तरीके पर भी सवाल उठाए।

## संजय राउत: कटघरे में आयोग, बचाव में बीजेपी क्यों? राहुल ने हरियाणा-महाराष्ट्र पर पूछे सवाल



**मुंबई/नई दिल्ली /लोक प्रेरणा**

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने सोमवार को चुनाव आयोग की आलोचना की। उन्होंने पूछा कि क्या चुनाव आयोग ने सत्तारूढ़ भाजपा को अपने कामकाज के बारे में विपक्षी दलों द्वारा उठाए गए संदेहों को दूर करने के लिए अनुबंध दिया है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा हरियाणा और महाराष्ट्र की मतदाता सूची का डेटा साझा करने के फैसले की सराहना की। उन्होंने आयोग से अपील की कि वह डिजिटल और मशीन पठनीय प्रारूप में डेटा सौंपे जाने की सटीक तारीख की घोषणा करे।

शिवसेना (यूबीटी) नेता राउत की यह प्रतिक्रिया तब आई है जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को एक अखबार में लेख लिखकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग और धांधली वाले आरोपों का जवाब दिया। राहुल के दावों के जवाब में फडणवीस ने अपने लेख में कहा कि कांग्रेस नेता लगातार लोकतांत्रिक प्रक्रिया और जनादेश का अपमान कर रहे हैं। वहीं, चुनाव आयोग ने भी राहुल गांधी के आरोपों को खारिज किया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि प्रतिकूल फैसले के बाद आयोग को बदनाम करना बिल्कुल बेतुका है।

राउत ने पूछा- क्या एउ ने भाजपा को संदेह दूर करने का ठेका दिया है

संजय राउत ने सोमवार को मुंबई में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, भाजपा से नहीं। सीएम फडणवीस को जवाब क्यों देना चाहिए? उन्होंने कहा कि क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को अपने चेहरे से धूल झाड़ने और अपनी कार्यप्रणाली पर संदेह दूर करने का ठेका दे रखा है। उन्होंने कहा कि मुद्दा सिर्फ चुनाव का नहीं है, बल्कि पिछले दस सालों में चुनाव आयोग के आचरण का है।

## गोवा और झारखंड में डॉक्टरों के साथ हाल ही में हुई घटनाओं पर आईएमए ने जताई चिंता

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमआई) ने डॉक्टरों के साथ गोवा और झारखंड में हाल ही में हुई घटनाओं पर अपनी गहरी चिंता और निराशा व्यक्त की है। आईएमए ने मांग की है कि अधिकांश राज्यों में लागू मेडिकेयर सेवा कार्मिक और मेडिकेयर सेवा संस्थान अधिनियम को और मजबूत किया जाए। विशेष रूप से, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के खिलाफ हिंसा या उत्पीड़न के किसी भी कृत्य को कम से कम सात साल की कैद की सजा के साथ गैर-जमानती अपराध बनाया जाना चाहिए। आईएमए ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय टास्क फोर्स को रेजिडेंट डॉक्टरों और समग्र रूप से चिकित्सा बिरादरी की सुरक्षा और कल्याण के संबंध में जारी दिशा-निदेर्शों को सख्ती से लागू करना चाहिए। डॉक्टर के तौर पर उनकी गरिमा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। डॉक्टर हिप्पोक्रेटिक शपथ को कायम रखने और मानवता की सेवा करने में दृढ़ रहते हैं, इसलिए लोगों से यह भी उम्मीद रहती हैं कि इस सेवा का सम्मान, सुरक्षा और न्याय किया जाए। आईएमए ने कहा कि जिस तरह से गोवा मेडिकल कॉलेज और हजारीबाग सरकारी मेडिकल कॉलेज में राजनीतिक नेताओं ने परेशान किया। ये कार्य न केवल चिकित्सा बिरादरी के प्रति घोर अनादर दिखाते हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के भीतर भय, अविश्वास और मनोबल का माहौल भी बनाते हैं। यह विशेष रूप से शर्मनाक है जब विधिनिमार्ता- जिन्हें न्याय और व्यवस्था बनाए रखने का काम सौंपा गया है- ऐसे तरीके से काम करते हैं जो उन सिद्धांतों को कमजोर करते हैं जिनकी रक्षा करने की शपथ उन्होंने ली है। इस तरह का व्यवहार एक खतरनाक मिसाल कायम करता है और शासन और स्वास्थ्य सेवा दोनों में जनता के विश्वास को खत्म करता है। चिकित्सा को हमेशा एक महान पेशे के रूप में माना जाता है- जो करुणा, नैतिकता और रोगी देखभाल के प्रति अटूट प्रतिबद्धता पर आधारित है। उल्लेखनीय है कि गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने शनिवार को गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया था।

## शिक्षा फंड रोके जाने के खिलाफ तमिलनाडु की याचिका पर कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से समग्र शिक्षा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 2151 करोड़ रुपये रोके जाने के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं है। याचिका में तमिलनाडु सरकार का कहना है कि केंद्र सरकार राज्य में जबरन नई शिक्षा नीति लागू करना चाहती है। केंद्र की नई शिक्षा नीति और पीएमश्री स्कूल योजना और



खासकर त्रिभाषा फामूर्ला को तमिलनाडु राज्य के लिए अनिवार्य घोषित न करने का दिशा-निर्देश जारी किया जाए। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा का फंड रोककर असंवैधानिक, गैरकानूनी और मनमाने तरीके से काम किया है। 09 मई को सुप्रीम कोर्ट ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में तीन भाषा फामूर्ले को लागू करने का दिशा-निर्देश जारी करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दिया था।

## 'सच्चा वीर वही, जो अनदेखे खतरों में भी करे सेवा', सिपाही साइनुद्दीन के बलिदान पर बोले उनके कमांडर

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

सच्चा वीर वही है जो अनदेखे खतरों में भी निःस्वार्थ सेवा करता है। यह बात सिक्किम के चट्टेन में आए भयानक भूस्खलन में जान गंवाने वाले सिपाही साइनुद्दीन पीके के कमांडिग ऑफिसर ने कही। भारतीय सेना ने लगातार आठ दिन तक तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद उनका पार्थिव शरीर रविवार को बरामद किया गया।

**शुरू हुई 2500 किलोमीटर की यात्रा**

भारतीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र सिंह रावत ने गुवाहाटी में बताया कि उनकी



अंतिम यात्रा उत्तर सिक्किम के चट्टेन से 2,500 किलोमीटर दूर लक्षद्वीप के अंद्रोत द्वीप तक, एक गंभीर, गरिमामयी और राष्ट्र को समर्पित सैनिक की यात्रा रही। यह यात्रा भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना के आपसी तालमेल से संभव हो सकी, जिसमें स्थानीय प्रशासन ने भी पूरा सहयोग दिया। इसमें आर्मी एविएशन हेलिकॉप्टर और भारतीय वायु सेना के सी-295 जैसे विमान लगाए गए, जिन्होंने हर चरण पर पार्थिव शरीर को समयबद्ध और सम्मानजनक रूप से स्थानांतरित किया।

**सैन्य सम्मान के साथ शुरू हुई यात्रा**

रावत ने बताया कि आठ जून यानि रविवार को बेंगडुबी मिलिट्री स्टेशन पर सैन्य सम्मान के साथ श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। अंद्रोत पहुंचने पर भारतीय नौसेना ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनके बलिदान को श्रद्धांजलि दी। जवान की शहादत पर उनके कमांडिंग ऑफिसर ने कहा, सिपाही साइनुद्दीन पीके मौन परिश्रम, अटूट ईमानदारी और अतुलनीय समर्पण जैसी सेना की सर्वोत्तम परंपराओं के प्रतीक थे।

## जीएमसीएस के डॉक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री राणे से की माफी की मांग, विरोध प्रदर्शन एक और दिन के लिए स्थगित



**पणजी/लोक प्रेरणा**

गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) के डॉक्टरों ने सोमवार को अपना विरोध प्रदर्शन एक और दिन के लिए रोक दिया। डॉक्टरों ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे से चौबीस घंटे के भीतर व्यक्तिगत रूप से माफी मांगने को कहा। मंत्री ने अस्पताल में मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाकर एक वरिष्ठ डॉक्टर रुद्रेश कुट्टिकर को निलंबित कर दिया था। डॉक्टर कुट्टिकर जीएमसीएच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के पद पर तैनात थे। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को विवादित फैसले को रद्द कर स्थिति को संभालने की कोशिश की। राणे को भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) और गोवा रेजीडेंट डॉक्टर संघ (जीएआरडी) सहित कई संगठनों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने भी हड़ताल की चेतावनी दी है।

आईएमए की गोवा इकाई के सदस्यों, जीएमसीएच के विभागाध्यक्षों, सलाहकारों, छात्रों और मेडिकल इंटर्न सहित कई डॉक्टरों ने बंबोलिन में अस्पताल के बाहर राणे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जीएमसीएच के डीन डॉ. शिवानंद बांदेकर के दखल के बाद प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन को स्थगित किया।

## जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त घरों के लिए अतिरिक्त मुआवजा

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों में पाकिस्तानी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त हुए घरों के लिए अतिरिक्त मुआवजा राशि की घोषणा की है। इस घोषणा के तहत, पूरी तरह से क्षतिग्रस्त प्रत्येक घर के लिए 2 लाख रुपये और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त प्रत्येक घर के लिए 1 लाख रुपये की अतिरिक्त मुआवजा राशि दी जाएगी। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक



बयान जारी कर कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराते हुए गृह मंत्रालय से 2060 घरों के लिए 25 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान कराया है। यह मुआवजा राशि जम्मू-कश्मीर और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुए घरों के लिए दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर दौरे के दौरान अपने सम्बोधन में प्रभावित परिवारों के साथ खड़े रहने, उन्हें निरंतर राहत सुनिश्चित करने और उनके घरों और जीवन को फिर से खुशहाल बनाने में उनकी मदद करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## मुंबई लोकल ट्रेनों में ऑटोमेटिक दरवाजे को लेकर रेलमंत्री ने की बैठक


**नई दिल्ली**

मुंबई में सोमवार को हुई एक दुखद घटना के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने इंटीग्रल कोच फैक्टरी (आईसीएफ) की टीम के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक का उद्देश्य मुंबई में चलने वाली नॉन-एसी लोकल ट्रेनों में ऑटोमैटिक दरवाजा बंद करने से जुड़े मुद्दे का समाधान खोजना था। रेल मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि नए नॉन-एसी कोच इस प्रकार डिजाइन और निर्मित किए जाएंगे जिससे वेंटिलेशन की समस्या का समाधान हो सके। इसके लिए तीन प्रमुख डिजाइन बदलाव किए जाएंगे। पहला- दरवाजों में लूवर्स लगाए जाएंगे, ताकि बंद दरवाजों के बावजूद हवा का प्रवाह बना रहे। दूसरा, कोच की छत पर वेंटिलेशन यूनिट्स लगाई जाएंगी, जो बाहर से ताजी हवा अंदर पहुंचाएंगी। तीसरा, कोचों में वेस्टीब्यूल्स होंगे।

## केंद्र ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण को बढ़ावा देने को एसईजेड सुधारों को अधिसूचित किया

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण क्षेत्रों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) नियमों में अग्रणी सुधार को अधिसूचित किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि एसईजेड नियम, 2006 के नियम 5 में संशोधन के बाद विशेष रूप से सेमीकंडक्टर या इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण को लेकर स्थापित किए जाने वाले एसईजेड के लिए न्यूनतम 10 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी, जो पहले 50 हेक्टेयर की आवश्यकता से कम है। इन संशोधनों को वाणिज्य विभाग ने 3 जून, 2025 को अधिसूचित किया है। इन संशोधनों से देश में उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, सेमीकंडक्टर



विनिर्माण परितंत्र का विकास होगा और देश में उच्च कौशल वाली नौकरियां पैदा होंगी।

मंत्रालय के मुताबिक एसईजेड के लिए अनुमोदन बोर्ड ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण एसईजेड की स्थापना के लिए क्रमशः माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एमएसटीआई) और हुबली ड्यूरेबल गुड्स क्लस्टर प्राइवेट लिमिटेड (एक्वस ग्रुप) से प्राप्त प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। माइक्रोन गुजरात के साणंद में 37.64 हेक्टेयर क्षेत्र में 13,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से अपना विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) स्थापित करेगी, जबकि एक्वस कर्नाटक के धारवाड़ में 11.55 हेक्टेयर क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से इलेक्ट्रॉनिकी घटकों के विनिर्माण के लिए अपना एसईजेड स्थापित करेगी। उल्लेखनीय है कि इसके अलावा एसईजेड नियम, 2006 के नियम 7 में संशोधन से एसईजेड के लिए अनुमोदन बोर्ड को एसईजेड भूमि को केंद्र या राज्य सरकार या उनकी अधिकृत एजेंसियों के पास बंधक या पट्टे पर दिए जाने के मामले में ऋण-मुक्त होने की शर्त में भी ढील दी गई है।

संशोधित नियम 53 के तहत निःशुल्क आधार पर प्राप्त और आपूर्ति की गई वस्तुओं के मूल्य को शुद्ध विदेशी मुद्रा (एनएफई) गणना में शामिल किया जाएगा और लागू सीमा शुल्क मूल्यांकन नियमों का उपयोग करके उसका मूल्यांकन किया जाएगा। एसईजेड नियमों के नियम 18 में संशोधन किया गया है, ताकि सेमीकंडक्टर के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिकी घटक विनिर्माण क्षेत्र में एसईजेड इकाइयों को लागू शुल्कों के भुगतान के बाद घरेलू टैरिफ क्षेत्र में भी घरेलू आपूर्ति करने की अनुमति दी जा सके।

लोक प्रेरणा

Email- lokprerna@gmail.com

## ढिगावा जाटान की सबसे बुजुर्ग महिला मंदोरी देवी का 105 वर्ष की आयु में निधन

**लोक प्रेरणा**



**लोहारू।** उपमंडल के गांव ढिगावा जाटान की सबसे बुजुर्ग महिला मंदोरी देवी का सोमवार को देहांत हो गया। पूर्व सरपंच एवं नंबरदार काशीराम रांगी की माता 105 वर्षीय मंदोरी देवी का गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे गांव की सबसे बुजुर्ग महिला थीं। परिजनों के अनुसार वे कभी भी बीमार नहीं हुई और अंतिम सांस भी परिजनों के बीच ही ली। उनके बेटे और पोतो ने उन्हें मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है तथा उनके परिवार में कुल 33 सदस्य शामिल हैं। उनके अंतिम संस्कार में कमल मान, सेठ मनीष गोयल, पूर्व सरपंच भगवाना राम, रमेश बासिया, विजय नेहरा, जिला खेल अधिकारी बस्तीराम, सुमेर, रामकिशन, मास्टर अजीत रांगी, मास्टर दरिया सिंह, मुकेश, अशोक सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी।

## स्वच्छता पखवाड़ा : सफाई कर्मचारियों ने की ऋषि मारकंडा नदी की सफाई, श्रद्धालुओं को दिया जागरूकता का संदेश



**एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा।** नगर पालिका शाहाबाद द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने ऋषि मारकंडा नदी में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नदी के आसपास जमा कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक व अन्य गंदगी को साफ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नपा सचिव बम्बूल मलिक के दिशा-निर्देशन में तथा सैनिटरी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और विशेष तौर पर नदी में पॉलीथीन या अन्य अपशिष्ट सामग्री न फेंकने की अपील की। कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं को बताया कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए सबसे पहले हमें अपनी आदतों में सुधार लाना होगा। सैनिटरी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका की टीम द्वारा मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और जल स्त्रोतों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आमजन को भी इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। उन्होंने मीडिया के माध्यम से शहरवासियों ने अपील की, शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए नगरपालिका का सहयोग करें। नपा सचिव बम्बूल मलिक ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सरकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों और नदियों को गंदा न करें और पॉलीथीन का उपयोग बंद करें। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इस तरह के अभियान और भी तीव्र गति से चलाए जाएंगे। इस मौके सफाई दरोगा विक्रम कुमार कृष्ण कुमार, कर्मचंद, राजन, राजेश, चंद्रकांता, मनोज, अविनाश, राहुल, मदन पाल, कृष्ण कुमार, महिपाल, सोहन, अमित कुमार, राजिंदर, सुखबीर, संजीव, सुखविंदर, रिंकू और विकास सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गेहूं की आढ़त में देरी से मंडी आढ़तियों में रोष, सूरजमुखी की खरीद नीति पर भी उठाए सवाल




**एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा।** अनाज मंडी एसोसिएशन की अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक मै. तिलक राज धनपत राय के अनाज मंडी स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई। मंडी प्रधान धनपत राय अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरकार द्वारा गेहूं की फसल की आढ़त में की जा रही देरी पर रोष प्रकट किया गया। बैठक पर जानकारी देते हुए अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान धनपत राय अग्रवाल एवं चेयरमैन त्रिलोचन सिंह हांडा ने बताया कि अप्रैल माह में मंडी में गेहूं की आवक प्रारंभ हो गई थी। तब से लेकर आज तक सरकार की तरफ से आढ़तियों को उनकी आढ़त का एक भी पैसा सरकार ने जारी नहीं किया। प्रधान ने कहा कि शाहाबाद अनाज मंडी का गेहूं की फसल का लगभग 3 करोड़ रुपए का आढ़त का पैसा सरकार की तरफ बकाया है। उन्होंने बताया कि गेहूं के सीजन का मजदूरी का पैसा उसी समय आ गया था लेकिन आदत का पैसे की कोई खोज खबर न होने से आढ़तियों में निराशा का माहौल व्याप्त है। आढ़तियों ने एक स्वर में सरकार से गेहूं की आढ़त का पैसा जल्द से जल्द आढ़तियों के खाते में ट्रांसफर करने का आग्रह किया। उधर सूरजमुखी की सरकारी खरीद पर प्रधान धनपत राय अग्रवाल ने कहा कि गत वर्ष सरकार ने 25 प्रतिशत सूरजमुखी की खरीद सीधे एजेंसियों से की थी तथा शेष 75 प्रतिशत फसल आढ़तियों के माध्यम से खरीदी गई थी। लेकिन इस बार ऐसा लग रहा है कि सरकार सारी फसल डायरेक्ट खरीद रही है। प्रधान ने कहा कि खरीद एजेंसियों के पास लेबर, कांटा, बट्टा, पंखा आदि किसी तरह के कोई साधन उपलब्ध नहीं है। फसल को सुखाकर तैयार करवाने के लिए लेबर आदि सब आढ़तियों की तरफ से ही दिए जा रहे हैं। ऐसे में आढ़तियों के माध्यम से सरकारी खरीद की राह पर आढ़ती टकटकी लगाए बैठे हैं। आढ़तियों ने सरकार से गत वर्ष की भांति सूरजमुखी की 75 प्रतिशत फसल की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करवाने की अपील की। सूरजमुखी की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से न होने की वजह से किसानों को भी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। अनाज मंडी में अपनी फसल लेकर आए मौके पर उपस्थित गांव फड़ौली के किसान कुलजीत सिंह, गांव लंगर छन्नी के किसान बलविंदर सिंह, गांव पाडलू के किसान महेंद्र सिंह व देवी दयाल तथा गांव खानपुर के किसान सुखबीर सिंह ने बताया कि सूरजमुखी की खरीद आढ़तियों के माध्यम से न होने से इस बार आढ़ती किसानों को उनकी फसल सुखाकर भराई आदि करवाने में कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। उधर खरीद एजेंसी के पास साधनों की कमी के चलते किसानों को अपनी फसल को खरीद के लिए तैयार करवाने में काफी अधिक समय लग रहा है। किसानों ने भी सूरजमुखी की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करवाने की बात कही। इस अवसर पर त्रिलोक चंद सिंगला, पवन गौतम, संजय गुप्ता, कंवलजीत सिंह, नरेंद्र गुप्ता, हिमांशु बतरा, गौरव सिंगला, अंकुर सिंगला, गुरचरण सिंगला यशपाल सिंगला एवं संजीव कुमार सहित अन्य आढ़ती गण उपस्थित थे।

# संदिग्ध हालात में महिला की जल कर मौत, मायका पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का लगाया आरोप

### ससुराल पक्ष ने बताया इन्वर्टर में लगी आग, जबकि सरपंच ने दावा किया कि महिला ने खुद पर पेट्रोल डाल की आत्महत्या





**एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा।** निकटवर्ती गांव लण्डी में सोमवार को 45 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जल कर मौत हो गई। मृतका की पहचान सर्वजीत कौर के रूप में हुई है। घटना के बाद ससुराल और मायका पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। जहां ससुराल पक्ष इन्वर्टर फटने से आग लगने का दावा कर रहा है, वहीं मायका पक्ष ने इसे सुनियोजित हत्या करार दिया है और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गांव लण्डी के सरपंच कुलबीर का कहना है कि महिला ने आत्महत्या की है। उसने खुद पर पेट्रोल डाल कर आग लगाई है। हिसार के कस्बा बरवाला निवासी मृतका के भाई



अनिल कुमार ने बताया कि उनकी बहन सर्वजीत कौर की शादी करीब 20 वर्ष पूर्व गांव लंडी निवासी राकेश के साथ हुई थी। इस दंपत्ति के तीन बच्चे हैं बेटी सिमरन (16), शगुन (14) और बेटा आदर्श (12) हैं। अनिल का आरोप है कि उनकी बहन को पिछले कई वर्षों से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था और ससुराल वाले उसे और बच्चों को मायके वालों से बात नहीं करने देते थे। अनिल ने बताया कि उन्हें सोमवार सुबह सूचना मिली कि उनकी बहन सर्वजीत कौर जल गई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब वे शाहाबाद में आदेश मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल पहुंचे, तो उनकी बहन का शव पहले से वहां पड़ा था। सर्वजीत का शरीर बुरी तरह झुलसा हुआ था। उन्होंने जब ससुराल वालों से घटना की जानकारी लेनी चाही, तो वे टाल-मटोल करने लगे और साफ जवाब नहीं दे पाए। सर्वजीत के भाई ने आरोप लगाया कि राकेश ने इन्वर्टर फटने से आग लगने की बात कही, लेकिन सवाल उठाया कि अगर इन्वर्टर फटा था, तो सिर्फ उसकी बहन ही क्यों झुलसी? घर में मौजूद अन्य किसी सदस्य को खरोंच तक नहीं आई। उन्हें शक है कि यह एक साजिश के तहत उनकी बहन को जिंदा जला कर मारा गया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। थाना शाहाबाद के एसएचओ सतीश कुमार ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी अस्पताल भेजा गया है। मायका पक्ष की शिकायत के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आग लगने के कारण और मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी।

# टोल प्लाजा को स्थानांतरित करने पर उद्योग जगत ने केंद्र सरकार का जताया आभार

### टोल प्लाजा स्थानांतरित होने से दैनिक यात्रियों की सुविधा पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव : विनोद बापना

**जतिन/राजा**

**गुरूग्राम।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-48) पर गुरुग्राम स्थित खेडकी दौला टोल प्लाजा को मानेसर से आगे पंचगांव में स्थानांतरित करने के लिए केंद्र सरकार ने आधिकारिक रूप से मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार व केंद्रीय सडक, परिवहन व राजमार्ग मंत्री मंत्री नितिन गडकरी के इस निर्णय से करीबन 15 ?किमी तक की टोल- फ्री यात्रा की सुविधा मिलेगी तथा दिल्ली से मानेसर तक यात्रा भी सुगम होगी, जिससे हजारों ऑफिस-गोअर्स को विशेष राहत मिलेगी। केंद्र सरकार के अनुसार यह परियोजना अगले 6 महीनों में शुरू होने की संभावना है। यह बात सीआईआई गुरुग्राम जोन के चेयरमैन व कैपेरो मारूति के सीईओ विनोद बापना ने जारी ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले पर आभार जताते हुए कहा कि इस फैसले से ना केवल ट्रैफिक की समस्या दूर होगी, बल्कि हजारों दैनिक यात्रियों




के सुविधा पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।विनोद बापना ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार भी व्यक्त किया और कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से उन हजारों लोगों की मांग भी पूरी होगी, जो लंबे समय से टोल प्लॉजा के स्थानांतरण की मांग उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि जब प्लाजा को गुडगांव से 15 किलोमीटर दूर ले जाया जाएगा तो दिल्ली और मानेसर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को टोल नहीं देना पड़ेगा, जिससे उन्हे आर्थिक लाभ भी होगा। विनोद बापना ने कहा कि एनएचएआई मल्टी लेन फ्री फ्लो टोल संग्रह प्रणाली अपनाएगा। वही जानकारी के अनुसार हरियाणा सरकार ने राजमार्ग प्राधिकरण को करीबन 28 एकड़ जमीन भी मुहैया करवाई है। उन्होंने कहा कि द्वारका एक्सप्रैस की ओर से जयपुर की और जाने वाले यातायात को इस बिंदु पर फिर से उपयोगकर्ता शुल्क के रूप में टोल का भुगतान ना करना पड़े, इसके लिए एक एकीकृत प्रणाली बनाने का भी निर्णय लिया गया है। कैपेरो मारूति के सीईओ विनोद बापना ने कहा कि करीबन 27 किलोमीटर लंबे इस दिल्ली-गुडगांव एक्सप्रैस के लिए बनने के बाद यात्रियों को सिरहौल (दिल्ली-गुडगांव सीमा) और खेडकी दौला टोल प्लाजा पर यूजर फीस देनी पड़ रही थी। वर्ष 2014 में दिल्ली-गुडगांव सीमा पर टोल वसूली बंद कर दी गई थी, जिससे दिल्ली के धोला कुआ और खेडकी दौला के बीच यात्रा करने में यात्रियों को राहत मिली थी।

# करीब 1.80 लाख की लागत से आईटीआई में पानी की टंकी का निर्माण शुरू, विद्यार्थियों को मिलेगी पेयजल समस्या से निजात

### -जिला पार्षद बाबा वचनाई नाथ ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

**लोक प्रेरणा**

**सतनाली।** स्थानीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पिछले काफी समय से पीने के पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए जिला परिषद द्वारा संस्थान के विद्यार्थियों के लिए एक पानी की टंकी का निर्माण करवाया जा रहा है। सोमवार को जिला पार्षद योगी वचनाई नाथ द्वारा संस्थान में निर्माण कार्य का शुभारंभ नींव रखकर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल की व्यवस्था अति आवश्यक है तथा उनके संज्ञान में आया था कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में काफी समय से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है।



विद्यार्थियों व शिक्षकों को पेयजल के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे में इस समस्या समाधान के लिए जिला परिषद कोटे से पानी की टंकी का निर्माण संस्थान में करवाया जा रहा है। पानी की टंकी के निर्माण के बाद विद्यार्थियों व शिक्षकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा वहीं उन्हें पीने के पानी की समस्या से निजात मिलेगी। जिला पार्षद योगी वचनाई नाथ ने बताया कि संस्थान में करीब 1.80 लाख की लागत से पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा। संस्थान स्टाफ व विद्यार्थियों ने इस नेक कार्य के लिए जिला पार्षद बाबा वचनाई नाथ का आभार जताया है। इस मौके पर मा. ओमप्रकाश डागर, ठेकेदार मुनेश कुमार, लिपिक शमशेर सिंह, रोहित कुमार, अनुदेशक करतार सिंह, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार, सतपाल, उत्तम कुमार, विकास कुमार, दीपक कुमार शर्मा, संगीता, पूनम, अस्मिता एवं छात्र विनम, अंकुश, तारा सिंह, मोनू, गोपाल सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## उत्तर पश्चिम रेलवे एसोसिएशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कार्यकारिणी का गठन

**लोक प्रेरणा**

**लोहारू।** सोमवार को नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन उत्तर पश्चिम रेलवे एसोसिएशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जोनल अध्यक्ष केके सक्सेना की अध्यक्षता में नांगल मूंदी से सादुलपुर तक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याएं सुनी गई। इसके बाद उत्तर पश्चिम रेलवे एसोसिएशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें हरि किशन को चेयरमैन एवं जेपी गुप्ता को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया। जोनल अध्यक्ष केके सक्सेना ने बताया कि एसोसिएशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। कर्मचारियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए बार-बार उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जाता है। एसोसिएशन का कर्मचारी हितैषी कार्य सुचारू रूप से चले इसके लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें हरि किशन को चेयरमैन एवं जेपी गुप्ता को वाइस चेयरमैन की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

## ट्राले ने मारी गाड़ी को टक्कर, दो महिलाओं सहित तीन बच्चें घायल

**लोक प्रेरणा**

**लोहारू।** लोहारू-भिवानी मुख्य सडक मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्राले ने एक गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी जिससे गाड़ी बीच सडक पलट गई। हादसे में दो महिलाओं सहित तीन बच्चों को गंभीर चोटें आई है। पुलिस में दी शिकायत में हनुमान ढ़ाणी भिवानी निवासी ख्यालीराम ने बताया कि गत दिवस वह तथा उसका भाई रतनलाल निवासी कुहानिया जिला झुंझुनू राजस्थान गाड़ी में बैठकर परिवार के साथ ढिगावा से लोहारू की ओर आ रहे थे। जब वे सुबह साढ़े 10 बजे के करीब लोहारू के अमन धर्मकांटे के नजदीक पहुंचे तो पीछे से तेज रफतार से आ रहे एक ट्राले ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी जिस कारण उनकी गाड़ी पलट गई। इस हादसे में गाड़ी में सवार पारिवारिक सदस्य बीना, कुसुम व छोटे बच्चों हर्षित, प्राची, तेजस घायल हो गए। आसपास के राहगीरों ने उनके वाहन को सीध किया तथा गाड़ी से बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। उनका भिवानी के नागरिक अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्राला के नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## केनरा रोबेको एएमसी ने निवेश बस यात्रा शुरू करने की घोषणा की

**लोक प्रेरणा**

**पटियाला।** एसेट मैनेजमेंट कंपनी केनरा रोबेको एएमसी (केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड की निवेश प्रबंधक) ने पंजाब में म्यूचुअल फंड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निवेश बस यात्रा शुरू करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य आम लोगों को सरल भाषा में म्यूचुअल फंड में निवेश के फायदे, उससे जुड़ी सावधानियां और जरूरी जानकारियां देकर बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। यह बस अपनी यात्रा मोहाली से शुरू होकर अगले 24 दिनों में मोहाली, चंडीगढ़, पंचकूला, पटियाला, लुधियाना, जालंधर और अमृतसर सहित राज्य के प्रमुख शहरों से गुजरेगी।

केनरा रोबेको एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री रजनीश नरूला ने कहा कि निवेश की दुनिया में ज्ञान से कीमती कुछ नहीं होता। एक जागरूक निवेशक न केवल अपने लिए बेहतर फैसले लेता है, बल्कि मजबूत और सक्रिय वित्तीय व्यवस्था के निर्माण में भी योगदान देता है। केनरा रोबेको में हम इसे अपनी जिम्मेदारी मानते हैं कि हम लोगों को म्यूचुअल फंड निवेश के फायदों और संभावनाओं के बारे में शिक्षित करें। उन्होंने आगे कहा कि इसी सोच के साथ हम निवेश यात्रा को पंजाब ला रहे हैं। इसका मकसद लोगों को धन प्रबंधन और म्यूचुअल फंड जैसे विकल्पों के बारे में बेहतर जानकारी देना और उन्हें सोच-समझकर दीर्घकालिक निवेश के लिए प्रेरित करना है।

यह बस हर शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों से सीधा संवाद करेगी और एक डिजिटल अनुभव केंद्र की तरह काम करेगी, जहां वीडियो और सरल बातचीत के जरिए म्यूचुअल फंड से जुड़ी जानकारियाँ दी जाएंगी। मकसद है - लोगों को निवेश के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना।

## धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोटा

**लोक प्रेरणा**




**बठिंडा।** कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा।

स्टेम बोरर्स से धान की फसल को बहुत नुकसान होता है, जिससे उपज कम होती है। बीकोटा तेजी से काम करते हुए इन कीटों का आहार रोक देता है और स्थायी सुरक्षा प्रदान करता है। एक बार प्रयोग करके किसान बाजार में उपलब्ध अन्य समाधानों की तुलना में लम्बे समय तक तक फसलों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह जड़ो एवं पूरे पौधे के विकास में भी सहयोग करता है, जिससे फसल की सेहत ठीक रहती है है। यह ज्यादा उपज सुनिश्चित करने के साथ-साथ बदलते मौसम में स्टेम बोरर्स की चुनौती को दूर करता है।

लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड - भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा कि बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले।

## विशेष जांच अभियान के तहत पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहनों नाकाबंदी कर वाहनों की सघनता से की जांच



**लोक प्रेरणा**

**लोहारू।** बीती रात्रि को लोहारू पुलिस ने थाना प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में स्पेशल वाहन चैकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। पुलिस टीमों ने विभिन्न नाकों पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान वाहनों को रोककर उनके कागजात, जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और बीमा आदि की जांच की गई। साथ ही, वाहनों में संदिग्ध वस्तुओं की तलाश भी की गई।

थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि सूरजगढ़ नाका, दमकोरा नाका, पिलानी पुलिस नाके की गहनता से चेकिंग की गई है। स्पेशल चेकिंग अभियान के दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को जरूरी सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने, बिना वैध कागजात के वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले शामिल थे। पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की डिक्की को खुलवाकर सर्च भी किया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा किसी भी आपात स्थिति से निपटने, अपराध को अंजाम देकर भागने वाले, अपराधी को पकड? व अपराधों की रोकथाम हेतु तुरंत कार्रवाई के लिए पुलिस भिन्न-भिन्न स्थानों पर नाके लगाकर चेकिंग कर रही है। ऐसे अभियान आगे भी चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस हर समय लोगों की सुरक्षा को लेकर तरह-तरह के अभियान चलाकर जानमाल की सुरक्षा का भरसक प्रयास करती है।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# आजादपुर मंडी में एपीएमसी ऑफिस के सामने बीच रोड पर बिक रहा है कैरोटों में

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी मैं कानून व्यवस्था की उड़ाई जा रही है धज्जियां। दरअसल आजादपुर मंडी परिसर एपीएमसी ऑफिस के ठीक सामने सैड नंबर 16 और 17 के बीच रोड पर बड़े-बड़े छाते लगाकर नियम और कानून की धज्जियां उड़ाते हुए आम बेचा जा रहा है। वहीं रोड पर आम खरीदारों का वाहान खड़ा होकर लोडिंग शुरू कर देता है जिसकी वजह से मंडी परिसर में जाम की समस्या बनी रहती है।

मंडी के आढ़ती प्रकाश कालरा ने कहा कि कुदरत ना करें मंडी परिसर में आगजनी का हादसा हो जाए तो समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी नहीं पहुंच पाएगी, और तब तक करोड़ों का नुकसान हो सकता है। मैंने पुलिस मीडिया के एक ग्रुप में देखा कि पत्रकार भाई ने सट्टा और दारू के अवैध धंधे की तस्वीर सांझा की आखिर क्यों नहीं कर रही पुलिस कार्रवाई कालरा ने कहा कि यहां हर रोज मंडी ऑफिस में सैक्ट्री साहब और अधिकारियों का आना-जाना रहता है, मगर सब कुछ देखते हुए भी चुप्पी साधकर मौन बैठे है, आखिर क्यों नहीं अधिकारी गण लेते एक्शन मंडी में आढ़ती खरीददार को माल दे रहा है 25 रुपए पर किलोग्राम के हिसाब से और एपीएमसी अधिकारी हमसे टैक्स वसूल रहे 75 रुपए



पर किलोग्राम जिसकी मैंने अधिकारियों को शिकायत दी है। कालरा ने बताया कि सुलभ शौचालय के पास 14 नंबर सैड रोड पर दो सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती है जहां आलू मंडी और अनार मंडी रोड पर वाहनों की एंट्री बंद है लेकिन बावजूद इसके बैरियर लगाकर सिक्योरिटी गार्ड 10 या 20 रुपए के लालच में वाहनों को जाने देते हैं,। ऊपर से आलू की गाड़ियों का जमावड़ा और आलू की रोड पर ही वाहनों में लोडिंग शुरू हो जाती है।

जिस वजह से वहां जाम की स्थिति बनी रहती है, हाल ही में कुछ दिन पहले दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का मंडी में दौरा हुआ था उस दौरान साफ सफाई से मंडी की सड़के ऐसे चमक रही थी जैसे दीपावली का त्यौहार आज मंडी गंदगी और आवारा गायों की मंडी बन गई है। दौरे के दौरान रेखा गुप्ता मंडी में सभी आढ़ती भाइयों रूबरू हुई हमारे भाई संदीप खंडेलवाल ने मंडी में परेशानियों का ज्ञापन भी सौंपा था, तभी गुप्ता ने अपने पिए की और इशारा करते हुए कहा नोट करो, मंडी में हर जगह अक्सर गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जहां मंडी में बिना गेट पास आने जाने वाले वाहनों और शरारती तत्वों पर पैनी नजर रहेने और मंडी में सभी समस्याओं से निजात दिलाने का भरोसा जताया था।

लेकिन मंडी के हालात फिलहाल और भी बद से बत्तर होते नजर आ रहे हैं।

## दिल्ली पुलिस ने तरबूज का रोका ट्रक, तरबूज को हटाते ही पुलिस के उड़े होश



**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने ट्रक में तरबूज के नीचे छिपा कर ला रहे 348.176 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत इंटरनैशनल मार्केट में 1.75 करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस ने गाजियाबाद जिला के(31 वर्षीय) लोनी निवासी इंतजार मलिक और (32 वर्षीय) रिजवान को गिरफ्तार गया है।

दरअसल आरोपी आंध्र प्रदेश से गांजा लाकर यूपी और दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करते थे। आरोपी करीब पांच साल तक इस धंधे में जुड़े थे। हालाँकि दोनों पर पहले से एनडीपीएस के केस दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के एएसआई योगेंद्र को यूपी नंबर के एक ट्रक में काफी तादाद में गांजा लाने की सूचना मिली थी। इंस्पेक्टर विकास पुन्नू, हेड कॉन्स्टेबल अमित, महिपाल और रोहिताश ने हैदराबाद से आ रहे ट्रक की मूवमेंट पर टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए नजर रखी। इससे तरबूज ला रहे ट्रक की पहचान हो गई। एसीपी राजकुमार के सुपरविजन में बनी टीम ने 21 मई तड़के दो बजे सोनिया विहार पुश्ता पर ट्रक को रोक लिया। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने ट्रक से तरबूज हटाए तो उनके नीचे 17 प्लास्टिक के बैग मिले। इनमें 348.176 किग्रा गांजा भरा हुआ था। पूछताछ में पता चला इंतजार मलिक इसका मास्टरमाइंड है, जो चार-पांच साल से यह धंधा कर रहा था। रिजवान ट्रक ड्राइवर है, जो 2-3 साल से सप्लाई में शामिल हुआ था। वह एनडीपीएस के एक केस में वॉन्टेड चल रहा था। क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश करने पर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस गांजा सप्लाई की पूरी चेन खंगाल रही है।

# दिल्ली में दिल दहलाने वाली घटना, 9 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या कर सूटकेस में किया बंद

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में 9 साल की बच्ची के साथ रेप कर हत्या का मामला सामने आया है।जिसकी वजह से इलाके के लोगों में आक्रोश है, वहीं परिजन जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक ईद के दिन दयालपुर में बच्ची अपनी बड़ी मम्मी को बर्फ देने गई थी। लेकिन काफी देर तक बच्ची वापस नहीं आई तो पिता ने जाकर देखा। वहां उन्हें पता चला की वह कुछ देर में ही वहां से चली गई थी। इसके बाद उसकी तलाश शुरू कर दी गई जहां। इस दौरान एक शख्स ने बताया कि बच्ची को एक फ्लैट में जाते हुए देखा गया। पिता ने उस फ्लैट को खोला तो वहां एक सूटकेस रखा और सूटकेस में बच्ची का शव खून से लथपथ हालत में मिला हुआ था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बच्ची के शव को रखकर धरना देने की तैयारी भी की गई। इसके मद्देनजर इलाके में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आरोपी इलाके में निजी फ्लैट लेकर रहता था और शराब और अन्य नशे करके पूरे मोहल्ले का माहौल खराब करता था। देर रात हंगामा करते हुए उसने



कुछ दिन पहले गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए थे।

आरोपी का नाम स्थानीय लोग नौशाद उर्फ नंदू बता रहे हैं। हालांकि पुलिस की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। वहीं, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम मौत के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के दल गठित किये गए हैं। हम इस मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच कर रहे हैं।

नेहरू विहार निवासी बच्ची के परिवार ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। बच्ची के पिता ने बताया कि काफी समय तक उसके घर नहीं लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। बच्ची के पिता ने कहा, वह केवल बर्फ देने गई थी, जिस रिश्तेदार के घर वह बर्फ देने गई थी उन्होंने बताया कि वह वहां लगभग पांच मिनट रुकी और चली गई, लेकिन वह घर वापस नहीं आई। हमने हर जगह ढूंढा। अंत में किसी ने बताया कि वह पास के एक घर में गई थी, जहां हमें सूटकेस में उसका शव मिला। बच्ची के पिता ने बताया कि जब वह इस पड़ोसी के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। कुछ गड़बड़ होने का संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और कमरे में दाखिल हुए। उन्होंने बताया, उन्होंने अपनी बेटी को खून से सने सूटकेस के अंदर पाया।

## यूरोप और भारत के बीच नए संबंधों की शुरूआत होने वाली है : रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल स्वदेश वापस आ गया है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, सभी देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और भारत के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सभी देशों से सकारात्मक परिणाम मिले हैं, आने वाले समय में यूरोप और भारत के बीच नए संबंधों की शुरूआत होने वाली है। देश की अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की चौथी बड़ी इकॉनमी हो गई है। इससे सारे देश काफी प्रभावित हैं। हम सबकी यात्रा बहुत ही सकारात्मक रही है।

# अवैध-बांग्लादेशों पर दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्यवाही 66 लोगों को लिया हिरासत में

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दिल्ली पुलिस ने अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ बड़ी करवाई की है। दरअसल पुलिस ने शहर में कई वर्षों से अवैध रूप से रह रहे 66 बांग्लादेशी नागरिकों को शनिवार रात को हिरासत में लिया है। घटना की जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम दिल्ली में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे इन लोगों को बांग्लादेश भेजने की तैयारी है। इसके लिए दिल्ली पुलिस ने प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

पिछले कई महीनों से दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से ज्यादातर अवैध बांग्लादेशियों को वापस बांग्लादेश वापस भी भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन विदेशी नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और पहचान सत्यापन की प्रक्रिया विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के साथ में शुरू कर दी गई है। इन सभी लोगों ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और वे वीजा और आप्रवासन नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एफआरआरओ इन सभी के निर्वासन से पहले कानूनी और दस्तावेज संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर रहा है। सभी को



नियमानुसार बांग्लादेश भेजा जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालाँकि देश में रह रहे अवैध बांग्लादेशियों पर लगातार दिल्ली पुलिस का ऐक्शन जारी है। पिछले कुछ महीनों में दिल्ली में सैकड़ों की संख्या में अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कई ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो सदियों से दिल्ली में रह रहे थे। हालांकि, इन लोगों के पास भारत की नागरिकता नहीं थी और इनके पास वैध वीजा भी नहीं है। ऐसे में भारत सरकार इन सभी अवैध बांग्लादेशियों को उनके देश वापस भेजने की तैयारी कर रहा है। इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए कई बांग्लादेशियों को सरकार ने वापस भेज भी दिया है।

## दिशा सालियान की मौत के 5 साल पूरे, परिवार को न्याय का इंतजार



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत को आज पूरे 5 साल हो गए हैं। कुछ महीनों पहले ही उनके पिता सतीश सालियान ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर बेटी की रहस्यमयी मौत के मामले में फिर से जांच की मांग की। इस याचिका में उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे को मामले में आरोपी बनाने की मांग की। साथ ही मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की भी गुहार लगाई।

दिशा सालियान की रहस्यमयी मौत का मामला हाई-प्रोफाइल और विवादास्पद है। इस मामले को 2022 में महाराष्ट्र विधानसभा में भी उठाया गया था। शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक भरत गोगावले और भाजपा विधायक नितेश राणे ने दिशा सालियान की मौत का मुद्दा उठाकर जांच की मांग की थी। इस पर सदन में विधायकों का खूब हंगामा हुआ था। इस मामले में नितेश राणे ने आदित्य ठाकरे का नार्को टेस्ट कराए जाने तक की बात कही थी।

दरअसल, दिशा सालियान एक सेलिब्रिटी मैनेजर थीं। उन्होंने वरुण शर्मा, सुशांत सिंह राजपूत, भारती सिंह जैसे कई मशहूर कलाकारों के साथ काम किया। वह टीवी अभिनेता रोहन राय को डेट कर रही थीं और मौत से कुछ महीने पहले उनकी सगाई भी हुई थी। 8 जून 2020, ही वह तारीख है, जब दिशा सालियान की कथित तौर पर मुंबई के मलाड में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। उनकी मौत के कुछ दिन बाद 14 जून को सुशांत सिंह राजपूत की मौत का मामला भी सामने आया। ऐसे में दोनों मामलों को जोड़कर देखा गया।

मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट में दिशा सालियान की मौत को आत्महत्या करार दिया था। कहा कि वह कई कारणों से डिप्रेशन से जूझ रही थीं, जिसके चलते खुदकुशी कर ली। पिता सतीश सालियान ने इस रिपोर्ट को मानने से इनकार किया और बॉम्बे हाई कोर्ट से बेटी की मौत की जांच नए सिरे से करने की मांग की। उन्होंने अपनी याचिका में आदित्य ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की।

इस पर आदित्य ठाकरे ने अपनी प्रतिक्रिया दी और मीडिया से बात करते हुए कहा, "पिछले 5 सालों से मेरी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। अगर मामला कोर्ट में है तो कोर्ट में ही जवाब दूंगा। देश की बेहतरी के लिए मेरी लड़ाई जारी रहेगी।"

वहीं शिवसेना नेता संजय राउत ने भी इस मामले पर बयान जारी किया और कहा कि यह मर्डर नहीं, एक्सीडेंट ही था। 5 साल बाद याचिका दाखिल की गई, उसके पीछे क्या राजनीति थी ये औरंगजेब की कब्र खोदना चाहते थे लेकिन औरंगजेब इनके कंधे पर आकर बैठ गया।

## सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन



**नई दिल्ली।** सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए उत्तराखंड में केदारनाथ धाम पहुंचे। सेनाध्यक्ष ने यहां बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। भारतीय सेना के प्रमुख, जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने यहां मंदिर में बाबा केदार की विशेष पूजा-अर्चना भी की।

इससे पहले मंदिर परिसर में पहुंचने पर जनरल उपेंद्र द्विवेदी से केदारनाथ तीर्थ पुरोहित समाज के विशिष्ट पुरोहितों ने भेंट की। इस दौरान बदरी-केदार मंदिर समिति ने सेनाध्यक्ष का स्वागत किया। जानकारी के मुताबिक सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी अपने परिवार संग बाबा केदार के दर्शन के लिए मंदिर में पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने करीब आधे घंटे का समय यहां ईश्वर की आराधना में बिताया। पूजा-अर्चना के उपरांत वे यहां मंदिर परिसर के बाहर कुछ देर तक रुके। उन्होंने यहां मंदिर से जुड़े लोगों से मुलाकात व बातचीत की।

बता दें इस वर्ष केदारनाथ धाम के कपाट बीते महीने मई में खोले गए थे। कपाट खुलने के बाद से लगातार बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम आ रहे हैं। वहीं भारतीय सेना व उसके पूर्व सैनिकों ने यहां हिमालय की दुर्गम पहाड़ियों में विशेष स्वच्छता अभियान भी पूरा किया है। भारतीय सेना ने गंगोत्री के आसपास की स्वच्छता बरकरार रखने के लिए एक अनूठी पहल की। इस पहल के जरिए सेना के जवानों व पूर्व सैनिकों ने गंगोत्री एवं उसके निकट हिमालयी क्षेत्र की पवित्रता बनाए रखने में अपना सहयोग दिया।

दरअसल भारतीय सेना के जवान और पूर्व सैनिक ने इस हिमालयी क्षेत्र में प्लास्टिक व अन्य कचरे को ढूंढकर उसे वहां से हटाने का काम किया है। यह कार्य हिमालयी क्षेत्रों की दुर्गम पहाड़ियों पर किया गया है। सेना की सेंट्रल कमान से यह पहल की गई। सेंट्रल कमान के मुताबिक ह्यअतुल्य गंगा ट्रस्टह्ल, जो कि सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों की एक पहल है, यह वर्ष 2019 से गंगा नदी के सतत पुनर्जीवन के लिए कार्यरत है। इसके अंतर्गत 5 से 7 जून तक ह्यप्लास्टिक उन्मूलन कार सेवाह्ल का आयोजन किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य वनीकरण, प्रदूषण मानचित्रण (जिसमें माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा का मापन भी शामिल है), और जन जागरूकता बढ़ाकर गंगा नदी को पुनर्जीवित करना था।

# आप और कांग्रेस ने झुग्गीवासियों को वर्षों तक मूर्ख बनाया : सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस पर झुग्गीवासियों को वर्षों तक बेवकूफ बनाने और उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला किया।

जेजे क्लस्टर, नेहरू कैंप, हैदरपुर में 24 सीटर जन सेवा शिविर (जेएससी) के निर्माण कार्य का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी है और दिल्ली सरकार अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने की राह पर आगे बढ़ रही है।

मीडिया से सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारों ने झुग्गीवासियों को मूर्ख बनाया था और उनसे कहा था कि वे भाजपा को वोट न दें।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और शीला दीक्षित की सरकार ने झुग्गीवासियों के लिए



कोई काम नहीं किया। महज धनराशि की घोषणा की, लेकिन दिल्ली की भाजपा सरकार 700 करोड़ रुपये की लागत से राजधानी में विकास परियोजनाओं पर काम कर रही है।

दिल्ली में झुग्गियों पर कोर्ट के आदेश के बाद तोड़फोड़ कार्रवाई पर आम आदमी पार्टी की ओर से सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों पर रेखा गुप्ता ने कहा कि उन्हें मकान देने के बाद ही झुग्गियां हटाई जाएंगी।

बारापुला नाले के पास स्थित मद्रासी कॉलोनी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि अदालत ने इसे हटाने के लिए कहा है, ताकि नाले की सफाई के लिए मशीनें वहां पहुंच सकें। ऐसा न होने पर दिल्ली को 2023 जैसी बाढ़ का सामना करना पड़ेगा।

रेलवे कॉलोनी में हुई कार्रवाई पर उन्होंने कहा, "लोगों ने पटरियों के पास घर बना लिए हैं। अगर कोई अप्रिय घटना हुई, अगर पटरियों के नीचे आकर किसी की मौत हो गई, तो कौन जिम्मेदार होगा, आतिशी, अरविंद केजरीवाल या सौरभ भारद्वाज"

झुग्गियों में रहने वाले कुछ लोगों के व्यवहार पर निराशा व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं वजीरपुर झुग्गी में 1,675 फ्लैट दिए, लेकिन यदि वहां रहने वाले लोग यह सोचेंगे कि वे फ्लैट ले लेंगे और वहीं (झुग्गियों में) रहना जारी रखेंगे, तो यह नहीं चलेगा।

क्षेत्र में सुविधाओं की कमी के लिए पिछली सरकारों की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि वहां न तो नालियां थीं, न ही बच्चों के लिए खेल के मैदान और महिलाओं के लिए शौच और स्नान के लिए कोई स्थान था।

सीएम गुप्ता ने कहा कि वह सुनिश्चित करेंगी कि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाली महिलाओं के लिए स्नानघर की सुविधा हो।

# देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रहीं महिलाएं : निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में महिलाएं देश में प्रगति की प्रमुख चालक के रूप में उभरी हैं और नरेंद्र मोदी सरकार ने नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं।

वित्त मंत्री ने ह्यसशक्त नारी के 11 वर्षह्ल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए 55.7 प्रतिशत खाते महिलाओं के पास हैं, जो जमीनी स्तर पर उनके सशक्तिकरण को दशार्ता है।

उन्होंने आगे कहा कि देश भर में मुद्रा लोन लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं। इन लोन ने लाखों महिलाओं को उद्यमी बनने और स्वतंत्र रूप से अपने सपनों को साकार करने में सक्षम बनाया है।

वहीं, स्टार्ट-अप इंडिया उद्यमी योजना के तहत लाभ पाने वालों में से 74 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसके अलावा, गरीबों के लिए पीएमएवाई (ग्रामीण) योजना के तहत 73 प्रतिशत घरों का स्वामित्व महिलाओं के पास है।

वित्त मंत्री ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं। ये उनके लिए एक बड़ा वरदान साबित हुए हैं, क्योंकि इससे उनका जीवन आसान हुआ है और स्वास्थ्य लाभ भी मिला है। साथ ही, उन्हें लकड़ी और अन्य ईंधन जैसे कि गोबर के हानिकारक धुएं से मुक्ति मिली है, जिसका उपयोग पहले खाना पकाने के लिए किया जाता था।

जन धन योजना वित्तीय समावेशन में एक बड़ी सफलता रही है। इस योजना के तहत खोले गए खातों में मार्च 2015 में प्रति खाते औसत बैंक बैलेंस 1,065 रुपए था, जो



अब बढ़कर 4,352 रुपए हो गया है। मौजूदा समय में करीब 80 प्रतिशत जन धन खाते सक्रिय हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 66.6 फीसदी जनधन खाते खोले गए हैं, जिनमें से 29.56 करोड़ (55.7 प्रतिशत) खाते महिलाओं के पास हैं।

करीब 10 साल पहले जब मोदी सरकार पहली बार सत्ता में आई थी, तो उसने हर नागरिक को वित्तीय और बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराने का लक्ष्य रखा था। इसके लिए 28 अगस्त 2014 को शुरू की गई ह्यप्रधानमंत्री जनधन योजनाह्ल के तहत सबसे गरीब लोगों के लिए बैंकों में जीरो बैलेंस बैंक खाते खोले गए थे।

मौजूदा समय में केवल 8.4 प्रतिशत जन धन खातों में ही जीरो बैलेंस है।

# डोरेमोन वाला डोरा केक है स्वाद का खजाना, बिना अंडे के इसे ऐसे बनाएं



**डोरीमोन का फेवरेट मीठी स्वीट डिश डोरा केक एक ऐसी रेसिपी है जो जापान में बनाई गई थी, लेकिन इस कार्टून के पॉपुलर होने के बाद डोरा केक खाना जैसे हर बच्चे का सपना रहता है. तो चलिए इस आर्टिकल में जान लेते हैं कि कैसे आप घर पर ही बिना अंडे के डोरा केक बनाकर तैयार कर सकते हैं.**

डोरेमोन बच्चों का फेवरेट कार्टून रहा है और आज भी ये खूब पसंद किया जाता है. सभी के पसंदीदा इस कार्टून में डोरा केक का नाम कई बार लिया जाता है, जो डोरेमोन का फेवरेट है और इसका नाम सुनते ही डोरेमोन की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है. दरअसल ये एक तरह के छोटे पैनकेक स्टाइल पेटीज होते हैं. कहा जाता है कि इसको सबसे पहले टोक्यो में बनाया गया था. इसमें अमूमन अंडे का इस्तेमाल किया जाता है और इस वजह से भी बहुत सारे लोग इसे बनाने से बचते हैं, लेकिन हम इस आर्टिकल में जानेंगे डोरा केक बनाने की आसान रेसिपी और वो भी बिना अंडे वाली.

बच्चे दिन में कई बार स्वीट डिश बनाने की जिद करने लगते हैं, उनकी इस क्रेविंग को फुलफिल करने के लिए अगर आप कुछ हटके बनाना चाहते हैं और बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहते हैं तो डोरा केक बनाना बेस्ट आइडिया है, क्योंकि इसका नाम सुनते ही आपके बच्चे खुश हो जाएंगे. चलिए जान लेते हैं इसकी रेसिपी.

डोरा केक बनाने के इनग्रेडिएंट्स

आपको अगर डोरा केक बनाने हैं तो चार लोगों के लिए चाहिए होगी एक कप मैदा, एक कप दूध, आधा कप चॉकलेट, आधा कप चीनी, एक छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर और इतना ही बेकिंग सोडा, एक चम्मच बटर (मक्खन), एक कप दूध. वनीला एसेंस दो से तीन बूंद और एक से डेढ़ चम्मच मिल्क पाउडर. चलिए देखते हैं कैसे बनाएं डोरा केक.

इस तरह बनाएं डोरा केक

सबसे पहले मैदा को छान लें और उसी छलनी से बेकिंग सोडा और बेकिंग पाउडर भी छानकर मैदा में मिला लें. इसके बाद एक बर्तन में पिसी हुई चीनी, मक्खन, दही, मिल्क पाउडर, दूध मिलाएं और इसे मैदा में मिला दें. इसके बाद सभी चीजों को अच्छी तरह से फेंट लें और वनीला एसेंस एड करने के बाद 15 से 20 मिनट रेस्ट करने के लिए बेटर को ढककर रख दें.

डोरा केक का दूसरा स्टेप

अब तवा गर्म करके उसपर घी लगाएं या फिर बटर भी यूज करें. बेटर को तवा पर फैलाकर (इसे थोड़ा मोटा रखें, चीले की तरह पतला न करें) ढक दें और हल्की आंच पर एक से डेढ़ मिनट पकाएं. जब ये एक साइड से सुनहरा हो जाए तो दूसरी तरफ पलटकर सेंक लें. इसी तरह से सारे डोरा केक बनाकर तैयार कर लें.

डोरा केक का फाइनल स्टेप

डब सारे डोरा केक बनकर तैयार हो जाएं तो चॉकलेट को डबल बॉयलर में पिघला लें. इसमें थोड़ा सा बटर डालकर अच्छी तरह से फेंट लें और फिर इस मिश्रण को डोरा केक पर लगाएं और एक के ऊपर एक चिपका दें. इस तरह से तैयार हो जाएंगे आपके टेस्टी डोरा केक.

# धरती का ख्याल रखना जरूरी है



देशी बीज न केवल सौंदर्य से भरपूर हैं बल्कि स्वाद में भी बेजोड़ हैं। औषधि गुणों से सम्पन्न हैं और स्थानीय मिट्टी पानी और हवा के अनुकूल हैं। आखिर मनुष्य ने ही जंगलों से तरह-तरह की फसलों के गुणधर्मों की पहचान कर खेतों में उन्हें उगाया है और इसी के परिणामस्वरूप आज हम बीजों के मामले में समृद्ध हैं। लेकिन आज हमने देशी बीजों की संपदा खो दी है, इसी को संजोने व संवारने का प्रयास जन स्वास्थ्य सहयोग में किया जा रहा है।मौजूदा समय में पर्यावरण का संकट सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। पर्यावरण, का जो नुकसान हमने पिछले कुछ दशकों में किया है, वह इसके पहले सैकड़ों सालों में नहीं हुआ। जो नदियां सदियों से बहती रहीं, कुछ ही सालों में सूख गईं, जो धरती सबका पालन-पोषण करती रही, उसकी जीवनदायिनी क्षमता खतरे में है। मिट्टी-पानी का प्रदूषण हो रहा है।

दो दिन पहले 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस था, यह हमें यह सोचने के लिए विवश करता है कि कैसे हम पर्यावरण को बचाए, कैसे उसका संरक्षण करें, आज के इस कॉलम में इस पर ही चर्चा करना उचित रहेगा, जिससे इस दिशा में हम कुछ मिलकर कर सकें।मैं यहां पर्यावरण किस तरह संकट में इसको बताने की कोशिश नहीं करूंगा, क्योंकि यह तो सर्वविदित है। हमारी सदानीरा नदियां प्रदूषित हो रही हैं, जंगल कम हो रहे हैं, खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो रही है, हवा प्रदूषित हो रही है, भूजल नीचे खिसक रहा है इत्यादि। बहुत ही ऐसे संकट आ रहे हैं, जो कुछ दशक पहले तक नहीं थे।

लेकिन कई लोग कह सकते हैं, यह तो वैश्विक समस्या है, इसमें हम क्या कर सकते हैं। यह वैश्विक समस्या है पर इसका असर स्थानीय स्तर पर होता है। इसे कुछ हद तक स्थानीय स्तर पर कम किया जा सकता है। जैसे इस पर्यावरण दिवस की थीम है, प्लास्टिक प्रदूषण। हम देखते हैं कि हमारे शहर की नालियां, सड़कें प्लास्टिक कचरे से पटे पड़े हैं। यह दिन हमें इससे निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई करने के लिए संदेश देता है, प्रेरित करता है।

मैं जब कभी ट्रेन की यात्रा करता हूं, एक चीज बहुत खटकती है, वह है रेल पटरियों के दोनों ओर पॉलीथीन, पानी की बोतलें बिखरी पड़ी दिखती हैं। जहां तक नजरें जाती हैं, यही दिखता है। इसी तरह, सड़कों के दोनों ओर कचरा पड़ा रहता है। सब्जी, दूध या किराना सामान लेने के लिए पॉलीथीन का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे कचरा होता रहता है। शहरों व कस्बों में रोजाना कचरे की गाड़ी कचरा उठाकर ले जाती है। कर्मचारी इसके लिए मेहनत करते हैं। लेकिन दूसरे दिन उतना ही कचरा फिर हो जाता है। यह क्रम बना रहता है।यानी हमने कचरा संस्कृति को अपना लिया है। चाहे जितना ही कचरा साफ करो, कचरा पैदा होता ही रहेगा। यूथ एंड थ्रो (इस्तेमाल करो और फेंको) की संस्कृति ही कचरा संस्कृति है। हम कोई भी दुकान देखें, वहां छोटी छोटी थैलियां, पॉलीथीन पैक इत्यादि टंगे रहते हैं। इन सबके कारण हमारी नदियां, झीलें, तालाब सभी प्रदूषित हो रहे हैं। मिट्टी-पानी भी प्रदूषित हो रहा है।हम लोग बचपन में देखते थे। कोई ज्यादा कचरा नहीं होता था। जो भी कचरा पैदा होता था, उससे जैव खाद बनाई जाती थी, जिससे खेतों की मिट्टी उर्वर बनती थी। गांवों में पशु होते हैं, गोबर–गोमूत्र होता है, उससे गोबर खाद बनती थी। खेतों में अच्छी फसलें होती थीं।मुझे कई आदिवासी गांवों में जाने का मौका मिला है। उनके घर व गांव बहुत ही साफ सुथरे होते हैं। कुछ जगहों पर अब भी सरई पत्तों की पत्तल व दोने में खाना खाया जाता है। गाय उन पत्तों को खा लेती है। प्लेट का इस्तेमाल नहीं किया जाता, जिससे पानी की बचत होती है। यानी वहां कचरा पैदा नहीं होता। वे प्रकृति से उतना ही लेते हैं, जितनी उनको जरूरत है। इससे ज्यादा नहीं।इसी प्रकार, हमें मिट्टी-पानी, देसी बीजों के संरक्षण की अच्छी परंपराओं से सीखना चाहिए। संकर बीजों के आने से अधिकांश देसी बीज लुप्त हुए हैं। लेकिन अब भी कई जगहों पर किसान, समूह और स्वयंसेवी संस्थाएं देसी बीजों की खेती के संरक्षण व संवर्धन में लगे हैं।उत्तराखंड के बीज बचाओ आंदोलन ने इस दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। इसके प्रणेता विजय जड़धारी हैं। उन्होंने मुझे बताया कि बारहनाजा का शाब्दिक अर्थ बारह अनाज है,पर इसके अंतर्गत बारह अनाज ही नहीं बल्कि दलहन, तिलहन, शाक-भाजी, मसाले व रेशा शामिल हैं। इसमें 20-22 प्रकार के अनाज होते हैं।इन अनाजों में कोदा ( मंडुवा), मारसा (रामदाना), ओगल (कुट्टू), जोन्याला ( ज्वार), मक्का, राजमा, गहथ ( कुलथ), भट्ट (पारंपरिक सोयाबीन), रैयास (नौरंगी), उड़द, सुंटा, रगड़वांस, तोर, मूंग, भगंजीर, तिल, जख्या, सण ( सन), काखड़ी इत्यादि।विजय जड़धारी बताते हैं कि मंडुआ बारहनाजा परिवार का मुखिया कहलाता है। असिंचित व कम पानी में यह अच्छा होता है। पहले मडुंवा की रोटी ही लोग खाते थे, जब गेहूं नहीं था। पोषण की दृष्टि से यह भी बहुत पौष्टिक है।इसी प्रकार, उन्होंने उनके जड़धार गांव के उजड़ चुके जंगल को भी हरा-भरा कर दिया। इसके लिए जंगल को आराम दिया, यानी उसकी रखवाली की। इसमें उन्हें पूरा गांव का सहयोग मिला। अब यह जंगल इतना घना हो गया कि सूर्य की किरणें दिखाई नहीं देतीं। कई तरह के पक्षियों का आवास भी बन गया।बीज बचाने का काम देश के कई इलाकों में किया जा रहा है।

इस दिशा में छत्तीसगढ़ में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का काम सराहनीय है। आज यहां धान की 450 किस्में संग्रहीत हैं जिनमें 65 सुगंधित, 30 लाल चावल वाली, 40 जल्द पकने वाली, 2 किस्में काले चावल की। और बाकी 110-115 दिन की मध्यम अवधि में पकने वाली किस्में हैं। इसके अलावा मडिया की 6, कांग 2, ज्वार 1, मक्का 2 और अरहर की 9 किस्में हैं। चना, अलसी, कुसुम, मटर, भिंडी, उड़द आदि देशी किस्में भी हैं।रंग-बिरंगे देशी बीज न केवल सौंदर्य से भरपूर हैं बल्कि स्वाद में भी बेजोड़ हैं। औषधि गुणों से सम्पन्न हैं और स्थानीय मिट्टी पानी और हवा के अनुकूल हैं।आखिर मनुष्य ने ही जंगलों से तरह-तरह की फसलों के गुणधर्मों की पहचान कर खेतों में उन्हें उगाया है और इसी के परिणामस्वरूप आज हम बीजों के मामले में समृद्ध हैं। लेकिन आज हमने देशी बीजों की संपदा खो दी है, इसी को संजोने व संवारने का प्रयास जन स्वास्थ्य सहयोग में किया जा रहा है।

संस्था के कार्यकर्ता होमप्रकाश साहू बताते हैं कि रासायनिक खेती के कारण ज़मीन की उर्वरा शक्ति कमजोर होती जा रही है और उर्वर बनाने वाले सूक्ष्म जीवाणु खत्म होते जा रहे हैं। बेजा रासायनिक खाद के इस्तेमाल से ज़मीन सख्त होती जा रही है। भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए मिश्रित फ़सलों को खेतों में बोया जाता है। यह परंपरागत तरीका है। देश के कई इलाकों में अलग-अलग तरह की मिश्रित फसलें होती हैं।इसके अलावा, हरी खाद ढनढनी, सन, सोल, चरौरा को भी बोकर फिर मिट्टी में सड़ा दिया जाता है, जिससे ज़मीन उत्तरोत्तर उर्वर बनती जाती है। उन्होंने बताया कि इस भाटा कमजोर ज़मीन को हरी खाद से ही उर्वर बनाया है। यानी देसी बीजों की जैविक खेती से मिट्टी पानी का संरक्षण भी होता है। अनाज भी पौष्टिक व स्वादिष्ट मिलता है।

कुल मिलाकर, हमें अब मिट्टी-पानी का संरक्षण करना जरूरी है। कचरा कम से कम पैदा हो, या न हो, यह ख्याल भी रखना जरूरी है। हमें चीजों को बापरने का सलीका भी सीखना होगा। यूज एंड थ्रो संस्कृति की बजाय पुरानी चीजों को भी इस्तेमाल करने पर जोर देना होगा। इस संदर्भ में मुझे बुद्ध की कहानी याद आ रही है, जिससे हम कुछ सीख सकते है–एक दिन बुद्ध अपने मठ में मठवासियों के साथ बैठे बात कर रहे थे। तभी एक भिक्षु ने नए अंगरखे के लिए इच्छा जताई। बुद्ध ने पूछा- तुम्हारे पुराने अंगरखे का क्या हुआ?-वह बहुत फटा पुराना हो गया है। इसलिए मैं उसे अब चादर के रूप में इस्तेमाल कर रहा हूं।-बुद्ध ने फिर पूछ- पर तुम्हारी पुरानी चादर का क्या हुआ?-गुरूजी, वह चादर पुरानी हो गई थी, वह इधर-उधर से फट गई थी, इसलिए मैंने उसे फाड़कर तकिया का खोल बना लिया।% भिक्षु ने कहा।बेशक तुमने तकिया का नया खोल बना लिया, लेकिन तुम ने तकिया के पुराने खोल का क्या किया? बुद्ध ने पूछा

-गुरूजी, तकिये का गिलाफ सर घिस-घिस कर फट गया था और उसमें एक बड़ा छेद हो गया था. इसलिए मैंने पायदान बना लिया।बुद्ध हर चीज़ की गहराई से तहकीकात करते थे. उस जवाब से भी वे संतुष्ट नहीं हुए।-गुरूजी, पायेदान भी पैर रगड़ते-रगड़ते फट गया. - एकदम तार-तार हो गया. तब मैंने उसके रेशे इकट्ठे करके उनकी एक बाती बनाई. फिर उस बाती को तेल के दीये में डाल कर जलाया।

भिक्षु की बात सुन कर बुद्ध मुस्कराए। फिर उस सुपात्र को बुद्ध ने एक नया गरम अंगरखा दिया। यह कहानी आज भी प्रासंगिक है क्योंकि उपभोक्तावादी संस्कृति इस्तेमाल करो और फेंको (यूज-एंड-थ्रो) की संस्कृति को बढ़ावा देती है। जो कचरा पैदा करती है। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए ऐसी सादगीपूर्ण जीवनशैली की ओर मुड़ना होगा, जिसमें कचरा ही पैदा न हो। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

## संपादकीय

# विकास से शुभ संकेत

पहलगाम आतंकी हमले के डेढ़ महीने बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम्मू-कश्मीर यात्रा स्थानीय लोगों के साथ एकजुटता की एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। इसके साथ ही केंद्र शासित प्रदेश में बड़ी रेल परियोजनाओं के उद्घाटन से पाकिस्तान को सख्त संदेश देने की कोशिश की गई है कि जम्मू-कश्मीर की प्रगति को उसकी तमाम साजिशों के बावजूद धीमा नहीं पड़ने दिया जाएगा। इसके विपरीत पाक पोषित आतंकवादियों द्वारा शांति भंग करने के तमाम षड्यंत्रों के बावजूद विकास में तेजी लाने के भरसक प्रयास जारी रहेंगे। कश्मीरियों से संवाद कायम करते हुए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान पर पर्यटकों को निशाना बनाने और पर्यटन पर निर्भर लोगों को उनकी आजीविका से वंचित करने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे सीधे-सीधे इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला बताया। निस्संदेह, कश्मीर घाटी को भारत के बाकी रेल नेटवर्क से जोड़ने का सामरिक व प्रतीकात्मक महत्व किसी से छिपा नहीं है। यह सरकार के इस दृष्टिकोण की पुष्टि है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न व अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। प्रधानमंत्री ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक को जम्मू कश्मीर की नई पहचान और भारत की नई ताकत बताया है। इस प्रकार उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि पहलगाम के जघन्य हत्याकांड के बाद केंद्र शासित प्रदेश और देश, दोनों ही मजबूत हुए हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की स्पष्ट अभिव्यक्ति न केवल स्थानीय लोगों बल्कि शेष देश से आने वाले पर्यटकों का विश्वास फिर से हासिल करने का सार्थक प्रयास है। इसी तरह के प्रयास राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तरफ से भी किए जा रहे हैं। राज्य के लोगों का मनोबल और पर्यटकों का भरोसा बढ़ाने के मकसद से मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पिछले सप्ताह एक सराहनीय कदम उठाया। उन्होंने पहलगाम की सड़कों पर साइकिल चलाई और जोर देकर कहा कि अब आतंकवाद पर्यटन को नहीं रोक सकता है। वहीं केंद्र सरकार भी इस दिशा में रचनात्मक भूमिका निभा रही है और राज्य सरकार को हर संभव सहयोग दे रही है।दरअसल, केंद्र सरकार भी लगातार इस दिशा में सक्रिय है कि जम्मू-कश्मीर की कानून व्यवस्था पटरी पर आ चुकी है। इसमें दो राय नहीं है कि केंद्र व राज्य सरकार के सामने पर्यटकों का भरोसा हासिल करना इतना भी आसान नहीं है। उन्हें यह भरोसा दिलाना सहज नहीं है कि कश्मीर में सब कुछ ठीक-ठाक है और उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीरियों के प्रति भय और अविश्वास गंभीर स्थिति तक जा पहुंचा था। हालांकि, कश्मीरी लोगों ने पहलगाम घटना के खिलाफ जोरदार विरोध किया था। वे आतंकवादियों के खिलाफ नारे लगाते हुए बाकायदा सड़कों पर भी उतरे थे। उन्होंने आतंक की घटना का सार्वजनिक तरीके से विरोध करके नई पहल की। निश्चित रूप से सत्ता में बैठे लोगों को उन नफरत फैलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पुनरुद्धार से होने वाले लाभों को पलीता लगाने पर तुले हैं। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को राष्ट्र को समर्पित, चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल हर भारतीय के लिये गर्व का विषय है। बताया जाता है कि यह एफिल टावर से भी ऊंचा है। साथ ही इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह तूफान, बम हमले और भूकंप के खतरे में भी सुरक्षित रह सकता है। दरअसल, यह पुल चिनाब नदी पर बना और उधमपुर-श्रीनगर के बीच रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा भी है। रेलवे के अनुसार यह पुल कटरा से बनिहाल तक 111 किलोमीटर लंबे मार्ग में अहम संपर्क सुविधा को विस्तार देगा। साथ ही सामरिक दृष्टि से भी सेना के लिये इस पुल का विशेष महत्व है। करीब 1468 करोड़ रुपये में बना यह पुल आठ साल की मेहनत के बाद बना है। निस्संदेह, जम्मू-कश्मीर में नई ट्रेनों और रेलवे पुलों की सामान्य स्थिति बहाल करने में बड़ी भूमिका है, इसलिए उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह पर्यटकों व यात्रियों की सुरक्षा से अटूट रूप से जुड़ा है। इसमें दो राय नहीं कि सरकार सही रास्ते पर है और जम्मू-कश्मीर के लिये यह एक शुभ संकेत ही कहा जाएगा।

# मौजूदा संकट पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना बहुत ज़रूरी

पहलगाम हत्याओं और सीमा पार से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी समूहों की व्यापक परिचालन योजनाओं के बारे में विस्तृत दस्तावेज़ीकरण की कमी से अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का मामला और कमज़ोर हो गया है। जबकि घरेलू आबादी पाकिस्तान के इरादों के बारे में आश्वस्त हो सकती है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय राय को आश्वस्त करने के लिए कहीं अधिक कठोर साक्ष्य और पारदर्शिता की आवश्यकता होती है।खून नहीं, बल्कि सिंदूर मेरी रगों में बह रहा है% - प्रधानमंत्री मोदी के ये शब्द ऑपरेशन सिंदूर के बाद के अभियान की शुरुआत करने की उनकी खास शैली को दर्शाते हैं। देश के सामने मौजूद गंभीर चुनौतियों के जवाब में वह या उनकी सरकार और कर भी क्या कर सकती थी। पारदर्शिता और आत्मनिरीक्षण इस सरकार की कभी खासियत नहीं रही। मोदी सरकार की विदेश नीति की रणनीति प्रधानमंत्री को केंद्रीय व्यक्ति के रूप में पेश करने पर बहुत ज़्यादा निर्भर रही है, जो सुसंगत कूटनीति को आगे बढ़ाने के बजाय एक व्यक्तित्व पंथ को विकसित करने का एक स्पष्ट प्रयास है। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व को विदेश नीति के अगुआ के रूप में स्थापित करने से पारंपरिक कूटनीतिक ज्ञान को उलट दिया गया है, और स्थापित कूटनीतिक परंपराओं से स्पष्ट रूप से यह अलग होने का संकेत है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत की विदेश नीति इसकी घरेलू नींव में निहित रही है- जिनमें शामिल हैं इसके जीवंत संसदीय लोकतंत्र का लचीलापन, धर्मनिरपेक्षता, संघवाद से प्रेरित विविधता में एकता, और सामाजिक और आर्थिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता। इन सिद्धांतों ने वह आधार बनाया जिसने राष्ट्रों के समुदाय में भारत की स्थिति को ऊंचा किया। समान नागरिकता पर आधारित विविधता में एकता भारतीय गणराज्य की एक परिभाषित पहचान रही है।दुख की बात है कि अब इस विरासत को कमज़ोर किया जा रहा है। छवि-केंद्रित, व्यक्ति-संचालित कूटनीति को व्यवस्थित और सिद्धांतबद्ध विदेश नीति के विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है। लेकिन यह दृष्टिकोण अस्थिर है - खासकर भारत जैसे देश के लिए, जिसका वैश्विक कद दशकों में बना है, जो उपनिवेशवाद-विरोधी राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन और एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में इसके विकास पर आधारित है। हिंदुत्ववादी ताकतों और आरएसएस के वैचारिक डीएनए का हिस्सा है कि वे खुद को इस विरासत से दूर रखें। पहलगाम हत्याकांड के बाद, सरकार को आखिरकार एक सर्वदलीय बैठक के दौरान यह स्वीकार करना पड़ा कि %सुरक्षा चूक% हुई थी। लेकिन यह स्वीकारोक्ति बहुत कम और बहुत देर से हुई। अब भी, सरकार उस चूक की प्रकृति और दायरे के बारे में स्पष्ट रूप से बताने में विफल रही है।सिंगापुर में सुरक्षा वार्ता के दौरान बोलते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने चार दिवसीय टकराव के दौरान विमान के नुकसान की बात स्वीकार की। हालांकि, उन्होंने कोई और विवरण नहीं दिया। इस तरह के अपर्याप्त स्पष्टीकरण विफलता की पूरी सीमा को बताने में विफल रहते हैं। मोदी सरकार के 11 साल के रिकॉर्ड - खासकर अनुच्छेद 370 को निरस्त करने - को मौजूदा संकट को देखते हुए नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अनुच्छेद 370 को खत्म करने और विलय के साधन को आधार देने वाले ऐतिहासिक तथ्यों को खारिज करने से जम्मू और कश्मीर के भारतीय संघ में एकीकरण की विरासत कमजोर हुई है। इससे भी गंभीर बात यह है कि इसने जम्मू और कश्मीर के लोगों - खासकर घाटी में - द्वारा सीमा पार आतंकवाद का विरोध करने में निभायी गयी महत्वपूर्ण भूमिका को मिटा दिया है।पहलगाम की घटना के बाद यह बात एकदम स्पष्ट हो गयी है। घाटी भर में लोग हत्याओं के विरोध में सड़कों पर उतर आये, लेकिन जन एकता का यह शक्तिशाली प्रदर्शन, जो एक बहुत ही सकारात्मक घटनाक्रम है, सरकार द्वारा न तो स्वीकार किया गया और न ही इसकी सराहना की गयी। इसके बजाय, हमले में कश्मीरी लोगों को ही शामिल करने का प्रयास किया गया - जिससे सरकार की असली मंशा और सही वैचारिक रुझान का पता चलता है। संविधान में निहित लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों को कायम रखने वाली सरकारों के द्विदलीय दृष्टिकोण की जगह अब गहरे ध्रुवीकरण ने ले ली है।आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं रखा जा सकता। शांति की सच्ची इच्छा उद्देश्य की स्पष्टता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाले कार्यों में परिलक्षित होनी चाहिए। विदेश नीति और कूटनीति अलग-थलग प्रयास नहीं हैं; वे घरेलू नीतियों का विस्तार हैं। पिछले 11 वर्षों में हुए घटनाक्रम - जिसमें सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और लोकतांत्रिक और अल्पसंख्यक अधिकारों का क्षरण शामिल है - को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, खासकर आज के परस्पर जुड़े, सूचना-संचालित वैश्विक परिदृश्य में।एक नागरिक अधिकार समूह की एक तथ्य-खोजी रिपोर्ट ने पहलगाम हमलों के बाद 184 मुस्लिम विरोधी घृणा अपराधों का दस्तावेजीकरण किया, जिसमें व्यापक रूप से मुसलमानों और विशेष रूप से कश्मीरियों को निशाना बनाया गया। ये घटनाएं लगातार जारी रहीं।पहलगाम हत्याओं और सीमा पार से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी समूहों की व्यापक परिचालन योजनाओं



के बारे में विस्तृत दस्तावेज़ीकरण की कमी से अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का मामला और कमज़ोर हो गया है। जबकि घरेलू आबादी पाकिस्तान के इरादों के बारे में आश्वस्त हो सकती है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय राय को आश्वस्त करने के लिए कहीं अधिक कठोर साक्ष्य और पारदर्शिता की आवश्यकता होती है।स्पष्टता का एक दुर्लभ क्षण पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवाने से आया, जिन्होंने टिप्पणी की, युद्ध रोमांटिक नहीं है। यह आपकी बॉलीवुड फिल्म नहीं है। यह बहुत गंभीर मामला है... हालांकि युद्ध हम पर नासमझ लोगों द्वारा थोपा जा सकता है, लेकिन हमें इसका स्वागत नहीं करना चाहिए। उन्होंने तैयारियों की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि शांतिपूर्ण वार्ता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

राजनयिक संपर्क प्रयास के तहत, विभिन्न दलों के 59 सांसदों को पहलगाम घटना पर भारत सरकार की स्थिति को बताने के लिए विदेशी सांसदों, शिक्षाविदों, थिंक टैंक और मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करने के लिए 32 देशों में भेजा गया था। फिर भी, उल्लेखनीय रूप से, इनमें से कोई भी देश भारत के निकटतम पड़ोसी देश से नहीं था। यह कूटनीतिक प्रयास प्रधानमंत्री की घरेलू बयानबाजी के बिल्कुल विपरीत था, जिसमें उनका दावा था कि उनकी रगों में खून नहीं, बल्कि सिंदूर बहता है और यह घोषणा कि आतंकवाद विरोधी अभियान सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक हैं।लेकिन इस तरह की विलंबित कूटनीतिक पहुंच कितनी सफल रही है, यह इस बात से स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तान ने बिना किसी विरोध के आईएमएफ से 1अरब डॉलर का ऋण और विश्व बैंक से 400 लाख डॉलर की सहायता प्राप्त की है। इज़राइल और अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के अलावा, किसी अन्य देश ने भारत के रुख का समर्थन नहीं किया है। इस वास्तविकता को नकारने से किसी को कोई मदद नहीं मिलेगी।दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को अचानक समाप्त करने की घोषणा ने स्थिति को और जटिल बना दिया। सीमा पार नदी बंटवारे का विश्व स्तर पर स्वीकृत सिद्धांत ऊपरी और निचले दोनों तटवर्ती राज्यों के अधिकारों को स्वीकार करता है। पारस्परिक रूप से सहमत संधि से एकतरफा वापसी से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से समर्थन मिलने की संभावना नहीं है। व्यावहारिक रूप से, भारत में नदी के प्रवाह को रोकने के लिए जलाशय क्षमता का अभाव है, और सरकार ने जल विज्ञान संबंधी आंकड़ों का प्रकाशन फिर से शुरू नहीं किया है। इसका मतलब है कि बाढ़ या सूखे की स्थिति में, पाकिस्तानी किसान और आम लोग सबसे अधिक पीड़ित होंगे।आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई आतंकवादियों के खिलाफ है - लोगों के खिलाफ नहीं, चाहे वे भारत में हों या पाकिस्तान में। आतंकवादियों को अलग-थलग किया जाना चाहिए। पूरे समुदाय के खिलाफ लड़ाई से कभी भी सकारात्मक परिणाम नहीं मिलेंगे। इसलिए, सामरिक प्रतिक्रियाएं एक व्यापक और सैद्धांतिक रणनीति का विकल्प नहीं हो सकती हैं।यही कारण है कि विपक्षी दलों ने मौजूदा संकट के सभी पहलुओं पर चर्चा करने के लिए संसद के विशेष सत्र की मांग की है। सोलह दलों ने पहले ही सरकार को संयुक्त रूप से पत्र लिखकर ऐसे सत्र की मांग की है - जो स्थिति को स्पष्ट करने के लिए एक आदर्श मंच है। पैचवर्क समाधान वर्तमान में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकते।अभी भी, प्रधानमंत्री मोदी को युद्धकालीन नेता के रूप में चित्रित करने वाले हजारों कटआउट और बैनर पूरे देश में दिखायी दे रहे हैं। हमने भारत के चुनाव आयोग के साथ अपने संवाद में संघर्ष के इस राजनीतिकरण के बारे में चिंता जतायी थी। चुनावी विचारों से प्रेरित एक घरेलू अभियान अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्टा पड़ सकता है, जहां इसे भारत सरकार द्वारा युद्धोन्माद के रूप में देखा जा सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्तक्षेप के इर्द-गिर्द रहस्य, जो तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के बराबर है, को भी सरकार द्वारा संबोधित किया जाना चाहिए। यह द्विपक्षीय मामलों में बाहरी मध्यस्थता का विरोध करने पर भारत की लंबे समय से चली आ रही आम सहमति के बिल्कुल विपरीत है।अब एक गंभीर प्रयास ईमानदारी से शुरू होना चाहिए - संसद का एक विशेष सत्र बुलाकर, जम्मू और कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करके, और रोजमर्रा के शासन में लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों को पुनर्जीवित करके।

# बरसात से पूर्व शत-प्रतिशत नलियों की सफाई सुनिश्चित हो: मंत्री रविन्द्र जायसवाल

**लोक प्रेरणा**
**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल एवं आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने बरसात पूर्व नालियों की सफाई शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है।

मंत्रीद्वय ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि बरसात के दौरान शहर में सड़कों पर जल जमाव नहीं होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने जल जमाव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां युद्ध स्तर पर तत्काल नलियों की सफाई सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया।

मंत्रीद्वय रविंद्र जायसवाल एवं डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कमिश्नर एस. राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं नगर आयुक्त अक्षत वर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करके जरूरी दिशा नर्देश दिया।



मंत्री रविंद्र जायसवाल ने नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन स्थानों पर नालियों की सफाई हो चुकी है, वहां पर नालियों से निकली हुई सिल्ट कतई नहीं होनी चाहिए, सुनिश्चित कर लिया जाए। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में नालियों की सफाई कराई जा रही है, वहां पर सड़क के किनारे मलवा न रखा जाए। नालियों से निकलने वाले मलबे को तत्काल मौके से हटवाया जाए। उन्होंने बरसात के दौरान को लो-लाइन एरिया में जल जमाव होने की स्थिति में तत्काल मौके पर पंप लगाकर जल निकासी सुनिश्चित कराए जाने हेतु दायित्व तय किए जाने का भी निर्देश दिया। मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने निर्देश दिया कि बरसात के दौरान पूरे शहर में नियमित एवं समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो। कूड़े की उठान में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेषकर शहरी क्षेत्र का सड़क के मरम्मत एवं निर्माण के जो कार्य गतिमान है, विशेष प्रयास कर उन्हें बरसात से पूर्व पूरा कराए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## आयुष मंत्री ने 4.68 लाख की लागत से चौका रीसेटिंग कार्य का शिलान्यास किया



**लोक प्रेरणा**
**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के वार्ड संख्या 84 गोला दीनानाथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के काशीपुरा क्षेत्र स्थित खरवां कुआं, हनुमान मंदिर बलुआ गली में 4.68 लाख रुपए की लागत से होने वाले चौका रीसेटिंग कार्य का भव्य शिलान्यास उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने विधिवत रूप से किया।

इस अवसर पर आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काशी का निरंतर विकास हो रहा है। हर गली, हर मोहल्ले तक विकास की रोशनी पहुंचे, यही हमारा संकल्प है। स्थानीय प्रतिनिधियों और कार्यकताओं के समन्वय से जनसुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में यह कार्य एक महत्वपूर्ण पहल है।इस कार्य की स्वीकृति और शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता की विशेष भूमिका रही। उन्होंने स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव मंत्री के समक्ष रखा,जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद आज इसका विधिवत शिलान्यास संपन्न हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों ने मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु के प्रयासों की सराहना की और सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के प्रति आभार प्रकट किया।इस मौके पर पार्षद संजय केशरी,पूर्व मंडल अध्यक्ष दिवेश सिंह, डॉ. दिनेश कुमार 'दीनू' राठी अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता,लल्ली चौधरी, शिवशंकर केशरी ,अरुण कसेरा एवं पवन पाल के साथ-बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्लास्टिक मुक्त अभियान ने लिया जन आंदोलन का रूप, ग्राम पंचायतों में घर-घर कूड़ा संग्रह और जागरूकता अभियान



**मिजार्पुर।** । जनपद मिजार्पुर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्लास्टिक मुक्त अभियान ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। रविवार को ग्राम पंचायत जमुआ बाजार, विकासखंड मझवा और ग्राम पंचायत बेलन बड़ौदा, विकासखंड हलिया में जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में व्यापक सफाई और जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान ग्रामवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया।विकासखंड मझवा की ग्राम पंचायत बरेली में प्रमुख दिलीप कुमार सिंह, जिला कंसलटेंट विनोद कुमार श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान अशोक कुमार सिंह (बरेली), विद्या भूषण उपाध्याय (रामचंद्रपुर), प्रभारी सहायक विकास अधिकारी अंकित तिवारी, ग्राम सचिव आशुतोष यादव और ग्रामवासियों की उपस्थिति में घर-घर जाकर प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया।

इसी तरह, ग्राम पंचायत बजहा में ग्राम प्रधान और पंचायत सदस्यों के सहयोग से वृहद प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। अनुसूचित बस्तियों में विशेष सफाई अभियान भी आयोजित किया गया।जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को जनपद की 809 ग्राम पंचायतों के 1909 ग्रामों में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जा रहा है।

# देवरिया में गला काटने की घटना को कुबार्नी से जोड़ना ठीक नहीं : मौलाना रजवी

### देवरिया में गला काटने की घटना को कुबार्नी से जोड़ना ठीक नहीं : मौलाना रजवी

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया के गौरीबाजार थानाक्षेत्र के उधोपुर गांव में बकरीद के दिन नमाज अदा कर लौटने के बाद एक वृद्ध ने अपनी कुबार्नी दे दी। बकरी काटने के चाकू से गला रेत लिया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। इसे लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।



उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना बहुत अफसोसजनक और दिल को दहलाने वाली है। इसे कुबार्नी से जोड़ना ठीक नहीं, इस मामले में तस्वीर साफ हो गई है। मौलाना रजवी ने अपने एक बयान में कहा कि गला रेतने वाले बुजुर्ग की पत्नी का बयान है कि वह तंत्र-मंत्र के चक्कर में पड़े थे। आजमगढ़ में किसी दरगाह में जाते थे। उनके ऊपर भूत-प्रेत का साया था। घर आकर वह जादू-टोना करते थे। भूत-प्रेत का असर में उन्होंने अपने हाथों से ही अपना गला काट लिया।

रजवी ने कहा कि इसे कुबार्नी के रूप में देखना ठीक नहीं है। यह भूत-प्रेत के असर के कारण हुआ है। अंसारी के दिमाग में भूत-प्रेत का असर था। इस कारण उन्होंने कुबार्नी के दिन होने के कारण एक नोट लिख दिया। जबकि उनके दिमाग में भूत-प्रेत की बातें ही घुसी हुई थीं। इस कारण उस शख्स ने यह कदम उठाया है। इसे कुबार्नी के रूप में प्रचारित करना गलत है। इस्लाम में इंसान नहीं, जानवरों की कुबार्नी की इजाजत है।

ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के देवरिया के गौरीबाजार थानाक्षेत्र के उधोपुर गांव में एक अजीब घटना देखने को मिली है। यहां पर बकरीद के दिन नमाज अदा कर एक वृद्ध ने अपनी कुबार्नी दे दी। वृद्ध ने एक पत्र में लिखा है, जिसमें इंसान बकरे को अपने बच्चे की तरह पाल-पोस कर बड़ा कर कुबार्नी देता है, वह भी जीव है। कुबार्नी करना चाहिए। मैं खुद अपनी कुबार्नी अल्लाह के रसूल के नाम से कर रहा हूं। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, इस व्यक्ति ने अंधविश्वास में आकर अपनी बलि देने के लिए चाकू से गला रेता था, जिसके लिए परिजनों को आगाह कर ईश मोहम्मद ने बाकायदा पत्र लिखकर बताया है।

## मथुरा: जिम के पास मिले मांस के टुकड़े, मामला दर्ज

**मथुरा।** मथुरा के गोवर्धन इलाके में एक जिम के पीछे खाली भूखंड में मांस के टुकड़े मिले। स्थानीय लोगों ने गोमांस होने का संदेह जताया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने रविवार को बताया, गोवर्धन इलाके में एक जिम के पीछे खाली भूखंड में झाड़ियों में मांस के टुकड़े पाये गये। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वह गाय का मांस है। मांस को जांच के लिए फॉरेंसिक प्रयोगशाला में भेज दिया गया है। कुमार ने बताया कि मामले में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 24 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की हुई सगाई, दिग्गजों ने दी बधाई

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित एक होटल में रविवार को इंडियन क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी(सपा) से सांसद प्रिया सरोज की सगाई पर दिग्गजों का जमावड़ा लगा। इस सगाई समारोह में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव, जया बच्चन सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

सगाई समारोह से रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की तस्वीर भी सामने आई है। इन तस्वीरों में प्रिया सरोज प्याजी रंग के लहंगे में दिखीं तो रिंकू सफेद रंग की शेरवानी पहने दिखे। सगाई की अंगूठी पहनाते वक्त सपा सांसद काफी भावुक हो गई और



फफक-फफक कर रो पड़ीं। इस भावुक क्षण में रिंकू ने उन्हें संभाल लिया। दोनों की जोड़ी को हर ओर से बधाईयां मिल रही हैं। यह जोड़ी इसी साल 18 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेगी। सगाई समारोह से कई वीडियो भी सामने आई हैं, जिसमें दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। रिंकू सिंह के चेहरे पर खुशी साफ तौर पर देखने को मिल रही है।

क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की सगाई पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मीडिया से कहा कि हम दोनों परिवारों को बधाई देने आए हैं।

विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कहा, "उन्हें बहुत-बहुत बधाई।" वहीं, समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, "मैं उन्हें बधाई देने आया हूं। वे खुश रहें, धन्य रहें, और उनका वैवाहिक जीवन शानदार रहे।"

बीसीसीआई उपाध्यक्ष और कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने इस जोड़ी को अद्भुत बताते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, "दोनों अपने-अपने क्षेत्र में बेहद सफल हैं। दोनों का प्रदर्शन अपने-अपने फील्ड पर काफी शानदार चल रहा है। एक क्रिकेटर और राजनीतिज्ञ की यह शादी काफी अच्छी रहेगी। दोनों की यह जोड़ी काफी सफल रहेगी। रिंकू सिंह बेहतरीन खिलाड़ी हैं तो वहीं प्रिया सरोज भी शानदार सांसद हैं।"

क्रिकेटर रिंकू सिंह के साथ खेल चुके वसीम मिर्जा ने इसे खुशी का क्षण बताया।

पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार भी सगाई समारोह में दिखे। उन्होंने कहा, "दोनों को बहुत-बहुत बधाई। उनका जीवन खुशियों से भरा रहे।"

## बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर : श्रद्धा, संरचना और सुरक्षा का संगम, भक्तों को सहज दर्शन का अवसर

**मथुरा।** बांके बिहारी मंदिर की बहुप्रतीक्षित कॉरिडोर परियोजना अब मूर्त रूप लेने जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के बाद योगी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कॉरिडोर के निर्माण का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सहज, सुरक्षित और गरिमामय तरीके से भगवान बांके बिहारी के दर्शन कराने के साथ-साथ मंदिर क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्था और भीड़-भाड़ की समस्याओं को दूर करना है।



कॉरिडोर के निर्माण के बाद मंदिर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अब अव्यवस्थाओं से जूझना नहीं पड़ेगा। कॉरिडोर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, विश्राम स्थल, स्वच्छ शौचालय, चिकित्सा केंद्र, लॉकर, प्रसाद वितरण और सुरक्षा व्यवस्था जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। यह परियोजना श्रद्धा और संरचना का एक अनुपम संगम बनकर उभरेगी।

इनके अलावा, बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं के कारण अतीत में कई बार भगदड़ जैसी घटनाएं घट चुकी हैं। नई कॉरिडोर व्यवस्था से यह खतरा काफी हद तक समाप्त हो जाएगा और दर्शन व्यवस्था अधिक सुगम व सुव्यवस्थित होगी। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि बांके बिहारी मंदिर के सेवायतों (गोस्वामी समाज) के पारंपरिक अधिकार, सेवाएं और धार्मिक परंपराएं यथावत बनी रहेंगी। सरकार केवल बाह्य विकास कार्य करेगी, मंदिर की धार्मिक व्यवस्था में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि 1939 से बांके बिहारी मंदिर में सिविल कोर्ट द्वारा रिसीवर नियुक्त किया गया है, इसके बावजूद मंदिर क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्था को पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सका है।

नई कॉरिडोर परियोजना इन समस्याओं का समाधान लेकर आएगी। कॉरिडोर निर्माण के दौरान यदि किसी की दुकान या मकान प्रभावित होता है, तो राज्य सरकार ने यह आश्वासन दिया है कि उन्हें दुकान के बदले दुकान और मकान के बदले मुआवजा अथवा वैकल्पिक व्यवस्था दी जाएगी। इस तरह, परियोजना में कोई सामाजिक असंतोष न उत्पन्न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

कॉरिडोर निर्माण के बाद यहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में चार गुना तक वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। इससे न केवल स्थानीय व्यापार को गति मिलेगी, बल्कि पूरे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में इजाफा होगा। स्थानीय दुकानदारों और छोटे कारोबारियों की आमदनी में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

# जगद्गुरुओं के नाम पर होंगे श्रीराम मंदिर के चारों द्वार

## तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ऐतिहासिक बैठक में लिया गया निर्णय

**अयोध्या :** जगद्गुरुओं के नाम पर होंगे श्रीराम मंदिर के चारों द्वार, तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ऐतिहासिक बैठक में लिया गया निर्णयअयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम मंदिर के चारों मुख्य द्वारों को देश की महान सनातन परंपरा के चार प्रमुख जगद्गुरुओं के नाम पर समर्पित किया जाएगा। यह नामकरण भारतीय दर्शन, भक्ति और वेदांत परंपरा के प्रतीक इन महापुरुषों की स्मृति को चिरस्थायी बनाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की शनिवार को हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में चारों द्वारों के नाम तय किए गए।

मणिरामदास छावनी में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता महंत नृत्यगोपाल दास ने की, जिसमें ट्रस्ट के 15 में से 14 ट्रस्टियों की उपस्थिति रही। बैठक में 11 ट्रस्टी सशरीर उपस्थित हुए, जबकि गृह सचिव संजय प्रसाद, वरिष्ठ अधिवक्ता केशव पाराशरन और अयोध्या राजघराने के राजा विमलेंद्र मोहन ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। एक पद अभी रिक्त है।



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि मंदिर के चार द्वार क्रमशः जगद्गुरु रामानंदाचार्य, जगद्गुरु मध्वाचार्य, जगद्गुरु शंकराचार्य, और जगद्गुरु रामानुजाचार्य के नाम पर होंगे। ये नाम भारतीय आध्यात्मिकता के चार स्तंभों के प्रतीक हैं, जिन्होंने देश के कोने-कोने में वेदांत, भक्ति और ज्ञान का प्रचार किया।

मौजूदा समय में इन द्वारों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इनमें बिड़ला धर्मशाला के सामने वाला द्वार, क्षीरेश्वर महादेव मंदिर के सामने और उसके आगे बन रहे द्वार, तथा रामकोट मोहल्ले की ओर स्थित उत्तरी द्वार शामिल हैं। द्वारों के अलावा मंदिर परिसर के अन्य भवनों के नामकरण पर अभी विचार किया जा रहा है।

चम्पत राय ने यह भी बताया कि मंदिर के सप्त मंडप का निर्माण पूर्ण हो चुका है, और ऋषियों के साथ निषादराज, शबरी, अहिल्या आदि की मूर्तियों की स्थापना भी संपन्न हो चुकी है। मंदिर के प्रथम तल पर स्थित श्रीराम सभा मंडप तक श्रद्धालुओं की पहुंच तभी संभव हो सकेगी, जब वहां की सीढ़ियों पर रेलिंग और लिफ्ट का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि मंदिर पर ध्वजारोहण का आयोजन नवंबर माह में प्रस्तावित है, जो एक भव्य धार्मिक अनुष्ठान के रूप में संपन्न होगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर की लगभग चार किलोमीटर लंबी परकोटा (चारदीवारी) का निर्माण, एक ऑडिटोरियम तथा तीर्थ क्षेत्र कार्यालय जैसे निर्माण कार्य आगामी एक वर्ष के भीतर पूरे किए जाने की योजना है।

यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब राम मंदिर निर्माण कार्य अपने अंतिम चरणों की ओर बढ़ रहा है, और देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु इसके उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मंदिर के चार द्वारों का नामकरण न केवल स्थापत्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पूरे देश को अपनी धार्मिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

## बलिया: दो कारों की टक्कर में एक युवक की मौत, पांच अन्य घायल

**बलिया।** बलिया जिले में दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को नगरा क्षेत्र में बछईपुर गांव के पास नगरा-बलिया मार्ग पर हुई जब एक कार की सामने से रही एक अन्य कार से जोरदार टक्कर हो गई। उसने बताया कि दुर्घटना में अंबेश कुमार सिंह (45) नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि इस घटना में पांच अन्य लोग भी घायल हुए हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसने बताया कि घायलों में से एक को गंभीर हालत के मद्देनजर वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मिजार्पुर रेलवे स्टेशन पर गंदगी और भ्रष्टाचार का बोलबाला

**लोक प्रेरणा**
**मिजार्पुर।** मिजार्पुर रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था, गंदगी और कथित भ्रष्टाचार ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सहायक मंडल अभियंता संदीप दुबे के आवास पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का विवाद गहराने से ड्यूटी ठप हो गई है, जिसके चलते अऊएठ को अपने आवास के कार्य स्वयं करने पड़ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अऊएठ की छुट्टी बढ़ा दी गई है, लेकिन स्टेशन पर गतिविधियां सामान्य बताई जा रही हैं।

**गंदगी का आलमः फव्वारा कूड़ादान, दीवारें पान से लाल**
पर्यावरण दिवस के बावजूद स्टेशन पर सफाई व्यवस्था बदहाल है। टिकट काउंटर के पास का फव्वारा गंदगी का अड्डा बन चुका है, जिसमें मटमैला पानी, गुटखे के पाउच, प्लास्टिक की थैलियां और बोतलें भरी हैं। स्टेशन के गेट की दीवारें पान और गुटखे के थूक से लाल हैं, और ADEN आवास के पास का बाथरूम भी गंदगी से भरा है। नियमित सफाई के अभाव में स्थिति और बिगड़ रही है।

**कर्मचारी विवाद और कथित पक्षपात**
चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने ADEN के भय से दो दिन की छुट्टी ली थी। इनमें से एक महिला कर्मी को शनिवार को केवल गमले में पानी देने के लिए बुलाया गया, जिसके जरिए उसे रविवार की ड्यूटी के बदले अतिरिक्त अवकाश और ?480 का नाइट हॉल्ट भत्ता दिलाने का कथित प्रयास हुआ। इस मामले ने कर्मचारियों के बीच पक्षपात की बहस छेड़ दी है।

**अवैध गतिविधियां और RPF पर सवाल**
सकुर्लेटिंग एरिया में कथित तौर पर सख्त निगरानी के बावजूद खाद्य वेंडर अवैध रास्तों से अपने वाहन, जैसे बिना नंबर प्लेट की बुलेट मोटरसाइकिल, अऊएठ आवास के पास ले जा रहे हैं। इन गतिविधियों में रेलवे सुरक्षा बल



(RPF) की कथित संलिप्तता पर सवाल उठ रहे हैं। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर टूटे रास्ते और ADEN पर दो बार हुए जानलेवा हमलों ने सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा दिया है।

**भ्रष्टाचार की जड़ें और यूनियनबाजी**
कमर्शियल विभाग के इंचार्ज एसके अकेला, जो 15 वर्षों से स्टेशन पर जमे हैं और ठउफटव यूनियन के शाखा मंत्री हैं, और ट्रैकमैन रमेश प्रजापति, यूनियन के अध्यक्ष, पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप है। एसके अकेला ने कथित तौर पर रेलवे की बाउंड्री तोड़कर प्राइवेट आवास के लिए रास्ता बनवाया। स्टेशन अधीक्षक रविंद्र कुमार भी लंबे समय से एक ही स्थान पर हैं, जिससे भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हो रही हैं।

**तत्काल टिकट में कालाबाजारी और राजस्व हानि**
तत्काल टिकट के लिए 2000-3000 तक की कालाबाजारी हो रही है। टिकट काउंटर पर कैमरों की कमी और फढऋ की कथित मिलीभगत से यह धंधा फल-फूल रहा है। अवैध वेंडर रनिंग ट्रेनों में खाद्य सामग्री बेच रहे हैं, जिससे संक्रामक रोग और चोरी का खतरा बढ़ रहा है।

**निर्माण कार्यों में लापरवाही**
AC रेस्टोरेंट के पास रेलवे गेट के लिए बनाए जा रहे पिलरों में बिना प्लानिंग के काम हुआ, जिससे पहले बने पिलर और नाली को तोड़ा गया। इससे सामग्री और मजदूरी का नुकसान हुआ। अवैध गोमटियों को बुलडोजर से हटाने के बाद भी अधिकारियों की मिलीभगत से उन्हें बहाल कर दिया गया।

**यात्रियों की शिकायतें और लापरवाही**
यात्रियों के मोबाइल, पर्स और जेवरात की चोरी की शिकायतें बढ़ रही हैं, लेकिन ऋफढ और RPF गंभीर कार्रवाई नहीं करते। सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से शिकायतें सामने आने पर ही कार्रवाई होती है।

**मांगः जांच और कार्रवाई**
यात्रियों और कर्मचारियों ने विजिलेंस और उइक जांच, लंबे समय से जमे अधिकारियों (एसके अकेला, रविंद्र कुमार) के स्थानांतरण, उनकी संपत्ति की जांच, और कैमरों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। अवैध वेंडरों, कालाबाजारी और फढऋ की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। रेलवे प्रशासन से स्टेशन की सफाई, सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

